26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 18 दिसम्बर, 2025

अंक- 55 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## बंगलादेश में भारतीय उच्चायोग पर सुरक्षा का खतरा, वीजा केन्द्र को किया अस्थायी तौर पर बंद

**ढाका (एजेंसी/चिंगारी)।** सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड एंड होलिस्टिक स्टडीज़ (सीआईएचएस) ने आज बंगलादेश के ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग को मिली धमकी की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की, इसे 'गंभीर सुरक्षा उल्लंघन' और राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन का 'स्पष्ट उल्लंघन' बताया। सीआईएचएस ने कहा कि राजनयिक मिशनों की सुरक्षा और अक्षुण्णता मेजबान देश की अपरिवर्तनीय दायित्व है। विश्वसनीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनज़र एहतियाती कदम के रूप में ढाका में भारत का वीज़ा आवेदन केंद्र अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। भारतीय उच्चायोग हालांकि पूरी तरह से कार्यरत है और भारतीय नागरिकों को 'बिना किसी रुकावट' सेवाएं प्रदान कर रहा है। तत्काल सहायता की आवश्यकता वाले भारतीय नागरिकों को उच्चायोग की आधिकारिक वेबसाइट या 24 घंटे सातों दिन आपातकालीन हेल्पलाइन के माध्यम से संपर्क करने की सलाह दी गई है। बंगलादेश में बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच भारत ने बुधवार को बंगलादेश के उच्चायुक्त को नई दिल्ली तलब कर भारतीय उच्चायोग को मिली धमकियों और बंगलादेशी राजनीतिक नेताओं द्वारा दिए गए भारत-विरोधी बयानों पर कड़ा राजनयिक विरोध दर्ज कराया। विशेष रूप से 'कुछ चरमपंथी तत्वों की गतिविधियों' को लेकर यह कदम ढाका स्थित भारतीय मिशन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय राजधानी की 'गंभीर चिंता' को दर्शाता है।

सरलता, सहजता और कर्मठता के प्रतीक, बिजनौर जनपद का नाम रोशन करने वाले विधान परिषद सदस्य उ.प्र. सरकार

मा. श्री अशोक कटारिया जी



के जन्मदिन के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई!

मां गंगे सदैव आपको सुयशपूर्ण एवं आरोग्यमय जीवन प्रदान करे।

-: शुभाकांक्षी :-

सौरभ सिंघल

पश्चिमी उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी

भाजपा (युवा मोर्चा), बिजनौर

# कार्यभार ग्रहण करते ही एक्शन में आये एसडीएम विजय शंकर

## सीओ के साथ किया कई स्थानों का निरीक्षण



नगीना के रोडवेज बस स्टैंड पर बने रैन बसेरे का निरीक्षण करते एसडीएम विजय शंकर व सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी।



नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम विजय शंकर।

**नगीना ( चिंगारी )।** नवागत एसडीएम विजय शंकर ने बुधवार की दोपहर सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी के साथ तीन अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण कर अपनी सक्रियता का अहसास करा दिया। उन्होंने पटाखा व्यापारी के गोदाम, पालिका द्वारा बनाए गए रैन बसेरे व सरकारी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद कमियों को कार्य अविलंब दुरुस्त करने के स्पष्ट निर्देश दिये, वह पालिका के रैन बसेरे व अलाव की व्यवस्था से संतुष्ट नजर नहीं आए। एसडीएम विजय शंकर बुधवार की दोपहर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी के साथ नगीना में दल-बल के साथ औचक निरीक्षण करने निकल पड़े। वह टीम के साथ सबसे पहले बूढ़ा वाली चुंगी के पास पटाखे का कारोबार करने वाले व्यापारी के गोदाम पर पहुंचे। एसडीएम का कहना है कि व्यापारी के पास फिलहाल आतिशबाजी का स्टॉक व लाइसेंस नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पालिका द्वारा रोडवेज बस स्टैंड परिसर व सरकारी अस्पताल में बनाए गए रैन बसेरे का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद पालिका के कर्मचारियों को रेन बसेरे की व्यवस्था बेहतर करने के साथ अलाव, गर्म पानी व बेहतर बिस्तर रखने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे में रुकने वाले किसी व्यक्ति को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दोटूक कहा कि भीषण ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोते हुआ दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने पालिका कर्मचारियों से दिन व रात्रि के समय नगर के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाने के भी निर्देश दिये। इसके बाद एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल दिवाकर के साथ पूरे अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आपात स्थिति के लिए चिकित्सकों के दिन-रात अस्पताल में उपलब्ध रहने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पालिका के अधिशासी अधिकारी आशुतोष राम प्यारे जैसवाल, पालिका के प्रधान लिपिक इत्तेदार जैदी, मुनीर अहमद, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग द्वारा जंगल जाने का रास्ता बंद कर देने से किसानों में उबाल



**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद में वन विभाग द्वारा किसानों के जंगल जाने का रास्ता बंद होने से किसानों में रोष व्याप्त है। बुधवार को भाकियू कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों ने ब्लॉक अध्यक्ष चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत को बुलाकर रास्ते बंद की समस्या से अवगत कराया। किसानों ने बताया खेतों पर गन्ना कटा पड़ा है जो सूख रहा। ब्लॉक अध्यक्ष ने वन विभाग अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया कि शाम के समय मिटिंग में वन विभाग की ओर डिप्टी रेंजर विजय भारत और प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार पुलिस प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी संजय कुमार किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों का रास्ता खोल दिया जाएगा। डिप्टी रंजन ने किसानों से आग्रह किया कि वन विभाग की जमीन पर हर वर्ष पौधारोपण का कार्य होता है, लेकिन गांव के पशु, पौधों को चर जाते हैं। गजेन्द्र सिंह टिकैत ने कहा कि किसानों के साथ किसी भी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे। समस्या का समाधान नहीं होने पर आन्दोलन का रास्ता अपनायेंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मिटिंग में सत्यवीर सिंह,भूपेंद्र सिंह, राजीव कुमार, शफीक अहमद, अकुल, सचिव गुर्जर सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# डॉ. परिधि ने प्राप्त की गाइनेकोलॉजिस्ट की उपाधि



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर की होनहार बेटी डॉ. परिधि अग्रवाल ने अपनी सफलता में एक और नया आयाम जोड़ दिया है। उन्होंने मेरठ के लाला लाजपत राय गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से एम.एस. गाइनेकोलॉजिस्ट उत्तीर्ण करके गाइनेकोलॉजिस्ट सर्जन की उपाधि प्राप्त कर ली है। धामपुर नगर के प्रमुख समाजसेवी व्यापारी अजय कुमार (पिंटू) एवं नमिता अग्रवाल की सुपुत्री डॉक्टर परिधि अग्रवाल बचपन से ही काफी होनहार रही है। उन्होंने हाईस्कूल सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल धामपुर से फर्स्ट डिवीजन में उत्तीर्ण किया था। इसके बाद डीपीएस R. K. Puram, दिल्ली से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करके एम्स ऋषिकेश से एमबीबीएस किया था। उसके उपरांत NEET(PG) में काफी अच्छी रैंक लाकर इन्होंने लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज मेरठ में एम.एस. गाइनेकोलॉजिस्ट में एडमिशन लिया। अब गाइनेकोलॉजिस्ट सर्जन की उपाधि प्राप्त कर अपने परिजन और धामपुर नगर का नाम रोशन किया है। डॉक्टर परिधि अग्रवाल का कहना है कि मैं मरीजों को अच्छे से अच्छा उपचार प्रदान करूंगी एवं पूरा जीवन मरीजों की ही सेवा में समर्पित कर दूंगी। ईश्वर मेरे इस कार्य में हमेशा मदद करेगा, ऐसा मुझे विश्वास है।

# अम्हेड़ा की सोनी मलिक ने कैनोइंग में जीता

# सिल्वर मेडल



**अमहेड़ा ( चिंगारी )।** तीन साल पहले अम्हेड़ा के जिस तालाब में कीचड़ था, अमृत सरोवर योजना में इसका सुंदरीकरण हुआ। इस तालाब को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का पहला कयाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया। इसी गांव की 15 वर्षीय सोनी ने इसमें कैनोइंग का प्रशिक्षण लिया। एक साल की मेहनत के बाद अब सोनी ने प्रयागराज में हुई कैनोइंग प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर जिले और गांव का नाम रोशन किया है। अम्हेड़ा में साल 2023 तक जिस तालाब में कीचड़ था, उसे अमृत सरोवर बनाया गया। अब इसी अमृत सरोवर में पश्चिमी यूपी का पहला कयाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र संचालित है। साल 2023 में इसकी शुरूआत हुई। कोच फिरोज खान के नेतृत्व में खिलाड़ी धीरे-धीरे अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। इन्हीं में से एक खिलाड़ी अमहेड़ा निवासी सोनी मलिक पुत्री तसलीम मलिक है, जिसने 13 दिसंबर को प्रयागराज में आयोजित अस्मिता लीग खेलो इंडिया चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सोनी ने रजत पदक जीता। कैनोइंग में पदक जीतकर सोनी ने साबित कर दिया कि अगर, ठान लिया जाए तो मंजिल पा सकते हैं। पदक जीतकर लौटने पर परिवार में खुशी का माहौल है।

## एक साल में सीखी खेल की बारीकी- सोनी मलिक

सोनी मलिक ने बताया कि वह पिछले एक साल से कैनोइंग खेल का प्रशिक्षण ले रही थी। गांव में केंद्र खुला होने से इसे सीखने की इच्छा थी। एक साल में ही कोच फिरोज ने खेल की बारीकी सिखाई। सीखने की लगन ने ही उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। आगे प्रयास रहेगा कि स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव अम्हेड़ा, बिजनौर जिले का नाम रोशन करूंगी।

# एससी एसटी आयोग के सदस्य ने किया नगर पंचायत का दौरा

**झालू ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल सिंह बाल्मीकि ने बुधवार को नगर पंचायत झालू का आधिकारिक दौरा किया। इस अवसर पर नगर पंचायत परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।**

बैठक के दौरान आयोग सदस्य ने कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसी क्रम में



आउटसोर्सिंग कर्मियों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिस पर आयोग सदस्य ने विषय को शासन स्तर तक पहुंचाने की बात कही। साथ ही विद्युत विभाग के एसडीओ को मीटर से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये। आयोग सदस्य महिपाल सिंह बाल्मीकि ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सामाजिक दायित्वों में भी सक्रिय योगदान आवश्यक है। उन्होंने भविष्य के लिए बचत को अपनाने तथा बच्चों को शिक्षित कर उन्हें सम्मानजनक रोजगार से जोड़ने पर बल दिया।

### चेयरमैन ने स्वागत किया

**नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी द्वारा आयोग सदस्य का शॉल ओढ़ाकर व फूलमालाओं से स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर विजेंद्र सिंह पाल अधिशासी अधिकारी, अरविंद बिंद एसडीओ विद्युत विभाग, अनुज अग्रवाल वरिष्ठ लिपिक, लिपिक अनिल कुमार शर्मा, विद्युत जेई सुदेश कुमार, चकबंदी विभाग से राजस्व निरीक्षक जोगेंद्र सिंह, लेखपाल सेवाराम व तहसील लेखपाल विवेक कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल रहे।**

# एश्वर्य चौधरी को लंदन में सम्मान मिला, सभी अधिवक्ताओं का चेहरा खिला



### बार भवन में खुशी मनाई, मिठाई खिलाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नर सेवा नारायण सेवा अभियान के अंतर्गत किये गये मानवता के कार्यों के लिये वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा नेता एश्वर्य मौसम चौधरी को लंदन के प्रतिष्ठित हाउस ऑफ लॉडर्स में सम्मानित किये जाने पर जिला बार एसोसिएशन द्वारा जिला जजी परिसर में स्थित वीरेन्द्र सिंह बार हॉल में खुशी मनाई गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलायी। कहा कि लंदन के हाउस ऑफ लॉडर्स में पहली बार बिजनौर जनपद के किसी व्यक्ति/अधिवक्ता को सम्मानित किया गया, जिससे पूरे जनपद का सम्मान बढ़ा है। यह केवल एश्वर्य मौसम चौधरी एडवोकेट का ही सम्मान नहीं है, अपितु जनपद के हर अधिवक्ता, हर व्यक्ति का सम्मान है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के सदस्य बाबू बलवंत सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष एस.के. बबली, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, शुभम चौधरी, वीरेश उर्फ बबलू एडवोकेट सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## सूचना

मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 0767870 वर्ष 2015 वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने पर भी नहीं मिला।
**-शुभम कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी मिलक अमराबाद थाना नहटौर तहसील धामपुर जिला बिजनौर**



**भली लगे या बुरी ...**

## बाल श्रमिक और समाज

कैसी विडम्बना है कि विकास के नित नये आयाम छू लेने, वैश्विक मंचों पर मानवाधिकारों की चर्चा और शिक्षा को मौलिक अधिकार का दर्जा मिलने के बावजूद लाखों बच्चे आज भी कारखानों, ढाबों, खदानों, खेतों और घरों में अपनी नन्हीं हथेलियों से वह श्रम कर रहे हैं, जो किसी सभ्य समाज पर सवाल उठाता है। यह केवल आर्थिक शोषण का मुद्दा नहीं है, बल्कि सीधे-सीधे मानवाधिकारों के उल्लंघन का प्रश्न है। हर बच्चे को सुरक्षित बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसर का अधिकार मिला है-यह केवल संविधान तक सीमित नहीं, बल्कि एक संवेदनशील समाज की न्यूनतम जिम्मेदारी है। लेकिन जमीनी हकीकत यह बताती है कि देश में लाखों बच्चे न केवल श्रम बल्कि जोखिमपूर्ण काम करने को विवश हैं।

हम अक्सर कहते है कि बच्चे देश का भविष्य है। पर प्रश्न यह है- क्या हम अपने भविष्य की रक्षा कर रहे है? गरीबी, बेरोजगारी, परिवार की मजबूरियां और शिक्षा तक सीमित पहुंच बाल श्रम को लगातार बढ़ावा देते हैं। पर इसके पीछे एक और कारण है- हमारी सामाजिक संवेदनहीनता। हम बच्चों को काम करते देखकर भी चुप रहते है, क्योंकि यह हमारी सुविधा और आदत का हिस्सा बन चुका है। बाल श्रम का सबसे बड़ा प्रभाव बच्चे की पहचान और उसके सपनों पर पड़ता है। एक बच्चा जिसे स्कूल में होना चाहिए, वह खतरनाक परिस्थितियों में काम कर रहा होता है, जो खेल के मैदान में होना चाहिए, वह शोषण और भय के साये में जी रहा होता है। यह सिर्फ उसके वर्तमान का नुकसान नहीं- पूरे जीवन, आत्मविश्वास और विकास की दिशा को बदल देता है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार घोषणाएं और भारतीय कानून स्पष्ट रूप से बताते है कि हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसर का अधिकार है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 के अंतर्गत बाल श्रम को निषिद्ध करार दिया गया है। यह कम उम्र के बच्चों को खतरनाक उद्योगों में काम करने से रोकता है। इसी प्रकार, मुक्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनयम बच्चों के उज्वल भविष्य की गारंटी का दावा करता है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा और सामाजिक असमानताएं बाल श्रम को लगातार बढ़ावा देती है।

# अब सिडनी में पाकिस्तानी आतंक का क्रूर साया



मनोज कुमार अग्रवाल

भारत के पहलगाम की तर्ज पर आस्ट्रेलिया में हुए भयावह आतंकी हमले से एक बार फिर दुनिया सन्न रह गई है। सिडनी के बोंडी बीच पर यहूदी पर्व हनुक्का के दौरान दो आतंकियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 साल की बच्ची भी शामिल है, वहीं करीब 50 लोग घायल हुए हैं। दोनों आतंकी जिस तरह खुशियां मनाते लोगों पर बेरहमी से गोलियां चलाने लगे, उसने पहलगाम आतंकी हमले की खौफनाक याद दिला दी। बॉडी बीच पर दोनों आतंकियों के गोलियां बरसाते वीडियो सामने आए हैं। जिस अंदाज से उन्होंने इस हमले को अंजाम दिया है, उससे अनुमान लगता है कि उनके पास न केवल अत्याधुनिक हथियार थे, बल्कि उन्हें चलाने का बाकायदा प्रशिक्षण भी उन्हें मिला है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गोलीबारी के बाद पास की एक सड़क पर एक कार से कई इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस यानि विस्फोटक बरामद किए गए, यानी हमले की साजिश इससे कहीं ज्यादा तबाही फैलाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मारने की थी।

जानकारों का मानना है कि आतंकियों का मंसूबा और अधिक खून खराबा करने का रहा होगा जो पूरा नहीं हो सका। एक आतंकी तो पुलिस की गोली से घटनास्थल पर ही मारा गया, जबकि दूसरा घायल है। पुलिस के मुताबिक दोनों आतंकी बाप-बेटे थे। उनके नाम साजिद और नवीद अकरम बताए गए हैं। ख़बर है कि मूल रूप से ये दोनों पाकिस्तान के थे। भारत के बाद अब आस्ट्रेलिया में हुए हमले में भी पाकिस्तान का नाम आने के बाद शाहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रमुख असीम मुनीर की चुनौतियां बढ़ने वाली हैं, अब इस घटनाक्रम में ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ इजरायल भी जुड़ चुका है, क्योंकि हमला यहूदियों पर हुआ है। यह हमला यहूदियों पर हुआ है, इसलिए इजरायल की स्वाभाविक तौर पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने इसे यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया आतंकवादी हमला करार दिया है, यानी आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी माहौल बन रहा है, इसे सरकार ने भी मान लिया है। बॉडी बीच इलाका, ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े यहूदी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहां करीब 40,000 यहूदी रहते हैं। हनुक्का उत्सव के पहले दिन आयोजित इस समुद्र-तटीय कार्यक्रम में करीब 1,000 लोग मौजूद थे। यानी आतंकी जानते थे कि किस वक्त हमला करके सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता है। शांति और खुशी के माहौल में त्यौहार मना रहे लोगों से किसी को क्या दिक्कत हो सकती है? लेकिन नस्ल और धर्म आधारित नफ़रत के शैतान हमेशा इंसानियत के कत्ल से अपनी खूनी प्यास मिटाते हैं। यह हमला पहलगाम की पुनरावृत्ति मालूम पड़ रहा है। इस हमले के वीडियो देखकर पहलगाम हमले की यादें ताजा हो जाती हैं। वहां भी आम लोग छुट्टियों का आनंद ले रहे थे, बॉडी बीच पर भी लोग छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे थे। पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पूछकर गोलियां बरसाई थीं, बॉडी बीच पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, क्योंकि पहले से पता था कि ये यहूदी हैं, जो हनुक्का त्यौहार मनाने के लिए इकट्ठे हुए हैं। हंसी-खुशी का माहौल मातम में बदल गया। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्टों में एक हमलावर का नाम नवीद अकरम बताया जा रहा है। यह पाकिस्तानी मूल का बताया जा रहा है। इस बात का पहले से ही शक था। यूं तो ऑस्ट्रेलिया काफी शांत और सुरक्षित देश माना जाता है, लेकिन इसकी सरकारों ने पिछले तीन दशकों में प्रवासियों के मामले में जो उदारता दिखाई, अब उसके फल मिलने लगे हैं। इस देश को श्रम शक्ति बढ़ाने के लिए लोगों की जरूरत थी। ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, ईरान, बांग्लादेश, सीरिया, लीबिया जैसे देशों के नागरिकों के लिए अपने दरवाजे खोले थे। यह गलत नहीं है, लेकिन जिन लोगों को बुलाया गया, उनकी जांच-पड़ताल करनी चाहिए थी। ऑस्ट्रेलिया में कई इलाके ऐसे हैं, जहां पाकिस्तानी बड़ी तादाद में रहते हैं। अक्सर स्थानीय लोग शिकायत करते हैं कि ये हमेशा असंतुष्ट रहते हैं, ज्यादा से ज्यादा अधिकारों की मांग करते हैं, खुद नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हैं, गंदगी फैलाते हैं और अपनी मर्जी चलाने की कोशिश करते हैं।

ऑस्ट्रेलिया में स्थानीय लोग चिंता जता चुके हैं कि देश में कट्टरपंथ बढ़ता जा रहा है और सरकार को कोई परवाह नहीं है। बॉडी बीच हमले के बाद एजेंसियां जांच में जुटी हैं। अगर इस घटना के पीछे पाकिस्तानियों का पूरा नेटवर्क निकल आए तो इस पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इस बात को समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान में यहूदियों से बहुत ज्यादा घृणा की जाती है। वहां कट्टरपंथी उपदेशक यहूदियों के खिलाफ आग उगलते रहते हैं। ऐसा ही भारत में भी होता रहा है। जब बॉडी बीच हमले की ख़बरें पाकिस्तानी चैनलों के सोशल मीडिया पेजों पर प्रसारित हुईं तो टिप्पणियों में कई पाकिस्तानी नागरिक खुशियां मना रहे थे। वे इसे गाजा, फिलिस्तीन, लेबनान, ईरान से जोड़कर देख रहे थे। आम लोगों की हत्याओं पर कोई व्यक्ति खुशी कैसे मना सकता है? इससे उसकी कैसी मानसिकता झलकती है? पहलगाम हमले के बाद भी पाकिस्तानी नागरिक ख़बरों पर ऐसी ही प्रतिक्रिया दे रहे थे।

ऑस्ट्रेलियाई एजेंसियों को चाहिए कि वे वास्तविकता को स्वीकार करें। देश सुरक्षित होगा, तो लोकतंत्र सुरक्षित होगा, लोगों के अधिकार सुरक्षित होंगे। वे अपनी सरकार पर दबाव डालें कि कट्टरपंथ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पाकिस्तान जैसे देशों, जहां कट्टरपंथ जड़ जमा चुका है, के नागरिकों को वीजा और नागरिकता देने में बहुत सावधानी बरतें। लोगों की सोशल मीडिया गतिविधियों को गंभीरता से लें। जो व्यक्ति ऑस्ट्रेलिया में रहकर उसके कानून का सम्मान नहीं करता, संस्कृति की खिल्ली उड़ाता है, हर कहीं अपनी मर्जी चलाता है, उसे स्वदेश भेजने का इंतजाम करें। ऑस्ट्रेलिया के पास मौका है कि वह अपनी पुरानी गलतियों को सुधारे। अति-उदारवाद दिखाने की कोशिश में यूरोप के कई देशों ने मुसीबत मोल ले रखी हैं। अब उन्हें पछतावा हो रहा है, लेकिन वहां कानून ऐसे हैं कि सरकारें कुछ खास कर नहीं सकतीं। वोटबैंक की राजनीति भी एक बड़ी समस्या है। भारत ने भी लम्बे समय तक कट्टरपंथी आतंकवाद को झेला है। कश्मीर में जिस तरह एक ही रात में कट्टरपंथी मजहबी ताकतों ने मस्जिदों से ऐलान कर हिन्दूओं को पलायन के लिए मजबूर किया, वह इसी कथित सेकुलर उदार सोच का घातक नतीजा था। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता है। यह स्थिति भविष्य में अप्रिय मोड़ ले सकती है। आस्ट्रेलिया समेत तमाम यूरोपीय देशों में जिस तरह एक कट्टरपंथी समुदाय के लोगों द्वारा इन देशों की उदारवादी नीतियों का फायदा उठाकर पैर जमाने की सुनियोजित साजिश पर काम किया जा रहा है, वह इन तमाम देशों के लिए भविष्य में खतरे की घंटी साबित हो सकती है। पिछले दिनों फ्रांस ने भी कट्टरपंथी आगजनी को झेला है। दुनिया को अपनी सोच और नीतियों की समीक्षा करनी होगी ताकि कट्टरपंथी मजहबी ताकतें उनकी डैमोग्राफी को बदलने और कट्टरपंथी सोच को थोपने के षड्यंत्र में नाकाम हों।



# जिन होटलों में हो रहा अनैतिक काम, जिला प्रशासन कसे उन पर लगाम

## किसान संगठन की आड़ में अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर की जाये कार्रवाई : दिगम्बर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) की मासिक पंचायत हुई। पंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर मंथन हुआ। पंचायत में जनपद भर से आए किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान गन्ना भुगतान, बिजली, सिंचाई, खाद-बीज, आवारा पशु सहित जनपद से जुड़ी कई गंभीर किसान समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के उपरांत किसानों की समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर एक मांग-पत्र उप जिलाधिकारी रितु रानी को सौंपा गया। मांग-पत्र में विशेष रूप से बिजनौर जनपद में बिना लाइसेंस संचालित होटलों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। संगठन ने कहा कि ऐसे होटल नियमों की अनदेखी करते हुए संचालित हो रहे हैं, जिससे कानून-व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा है। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने कहा कि इसके अतिरिक्त, प्रदेश स्तरीय आह्वान पर एक अलग मांग-पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम प्रेषित किया गया। दिगम्बर सिंह ने कहा कि कुछ गुंडा प्रवृत्ति के लोग किसान संगठन की आड़ में अवैध गतिविधियों को अंजाम



दे रहे हैं। ऐसे लोग फर्जी किसान संगठन बनाकर पुलिस प्रशासन पर नाजायज दबाव बना रहे हैं तथा निर्दोष लोगों की जमीनों पर कब्जा करने जैसे कृत्यों में संलिप्त हैं। मांग की कि ऐसे फर्जी किसान संगठनों और अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि वास्तविक किसानों की छवि खराब न हो और कानून का दुरुपयोग रोका जा सके।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने कहा कि संगठन हमेशा किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ता रहेगा और किसी भी प्रकार की अराजकता या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं जिला महासचिव नितेंद्र प्रधान ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। पंचायत में दिगम्बर सिंह, चौधरी बलराम सिंह, जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, अतुल बालियान, समरपाल सिंह, लोकेन्द्र डोडवाल, वीर सिंह डबास, ऋषिपाल सिंह, रामफल मुखिया, आलोक डागर, ओमप्रकाश सिंह, कुलवीर सिंह, नौबहार सिंह, उत्तम सिंह, अरविंद राजपूत, दर्शन सिंह फौजी, अजय राणा, सरदार महल सिंह, दुष्यंत राणा, तेजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंडरपास को लेकर एनएचआई कार्यालय पर धरना देंगी डा. मंजू चौधरी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम हेमराज कालोनी के सामने अंडरपास निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना बुधवार को 245वें दिन भी जारी रहा। उधर भाजपा नेत्री डा. मंजू चौधरी ने चेतावनी दी, कि यदि दो दिन के भीतर अंडरपास का प्रस्ताव संबंधित विभाग को नहीं भेजा गया, तो वह ग्रामीणों के साथ एनएचआई के मेरठ कार्यालय पर धरना देंगी। हेमराज कालोनी समेत कई अन्य गांवों के ग्रामीण मेरठ-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम हेमराज कालोनी के सामने अंडरपास निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर आंदोलित हैं। सांसद चंदन चौहान भी सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडगरी से मांग कर चुके हैं, किंतु अभी यह मामला अधर में लटका हुआ है। भाजपा नेत्री डा. मंजू चौधरी ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि वह हेमराज कालोनी के सामने अंडरपास बनाये जाने की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिल चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री ने अंडरपास का प्रस्ताव एनएचएआई के अधिकारियों से मांगा, किंतु एनएचएआई के अधिकारियों ने अभी तक अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव नहीं भेजा। उन्होंने चेतावनी दी, कि यदि दो दिन के भीतर प्रस्ताव नहीं भेजा गया, तो वह और ग्रामीण एनएचएआई के मेरठ कार्यालय पर धरना देंगी।

# कफील मलिक के कैम्प कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** ग्राम प्रधान पद के प्रबल दावेदार एवं गांव में प्रख्यात समाजसेवी कफील मलिक के कैंप कार्यालय पर यशवंती ब्लड बैंक (बिजनौर) द्वारा एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के कई युवाओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर कफील मलिक ने भी रक्तदान करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा रक्तदान के थोड़े से सहयोग से किसी की भी गंभीर रोगी की जान बचाई जा सकती है, इसलिए युवाओं को अधिक संख्या में रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर उनके कई समर्थकों ने रक्तदान किया तथा संबंधित डॉक्टरों ने सहयोग के लिए कफील मलिक का



धन्यवाद करते हुए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया।

# चेयरमैन ने कराया रैनबसेरे का इंतजाम, अलाव जलेंगे हर शाम

**झालू ( चिंगारी )।** कड़ाके की ठंड की शुरुआत होते ही नगर पंचायत झालू ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने गरीब असहाय व्यक्तियों के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था कर दी है, जिसकी नगरवासियों ने सराहना की है।



इसके अलावा नगरवासियों के लिए शाम को हर प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था भी की गयी है, जिससे नगरवासी राहत महसूस कर रहे हैं।

नगर के नहटौर रोड पर झालू तिराहे से 500 मीटर की दूरी पर नगर पंचायत के पुराने भवन में रैन बसेरे की व्यवस्था की गयी है। इस व्यवस्था के तहत पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग ठहरने के स्थान निर्धारित किए गए हैं, जिससे कोई भी असहाय व्यक्ति ठंड के मौसम में खुले में रात गुजारने को मजबूर न हो। भवन में स्वच्छता और मूलभूत इंतजाम किए गए हैं।

चेयरमैन की इस पहल की सहारना करते हुए स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सर्दी की शुरुआत के साथ की गयी यह पहल जरूरतमंदों के लिए सहायक सिद्ध होगी। इसके अलावा कस्बा झालू में शाम को सभी प्रमुख चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है।

# मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव के खिलाफ कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया।

बुधवार को उप्र कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री ओमवती देवी की अध्यक्षता में विरोध सभा आयोजित की। ओमवती देवी ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी रखेगी और गांधी जी के नाम व गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए पीछे नहीं हटेगी। अन्य वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक योजना है, जिसने ग्रामीण गरीबों को रोजगार का कानूनी अधिकार दिया। योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने का प्रस्ताव न केवल उनके सम्मान के खिलाफ है, बल्कि यह गरीब और ग्रामीण समाज के हितों पर सीधा प्रहार भी है। सभा के बाद पूर्व सांसद



ओमवती देवी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से महात्मा गांधी पार्क तक शांति मार्च निकाला। इस मौके पर सेवानिवृत्त आईएएस आर.के. सिंह, श्रीमती ओमवती, जावेद अंसारी, मौ.अकबर, मीनू गोयल, विक्रम सिंह एड., काजी आतिफ, अनिल त्यागी, शाजिया एड., सविता एड., नाजिम जबी, फुरकान महमूद, अजहर मंसूरी, गौतम सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

# आखिरकार अमीन ने पुलिस बल को साथ लेकर विवादित भूमि पर दखल कराया

**धामपुर ( चिंगारी )।** सिविल जज बिजनौर के आदेश पर बिजनौर से धामपुर पहुंचे अमीन द्वारा पुलिस बल को साथ लेकर मोहल्ला नेजो चौक के निकट स्थित विवादित भूमि (शैतान चौकी) के तीन किरायेदारों से कब्जा हटाकर मौके पर हसीनुद्दीन नामक व्यक्ति को दखल दिला दिया गया। इस दौरान विवादित स्थल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर एक व्यक्ति द्वारा अमीन के साथ कब्जा लेने आए व्यक्ति को धक्का मुक्की देकर भुगत लेने की धमकी देने पर पुलिस द्वारा उसे हिरासत में लेकर धारा 151 में चालान कर दिया।



गौरतलब है कि नेजो सराय के निकट स्थित लगभग 200 वर्ग गज भूमि जो वर्तमान समय में करोड़ों रुपए की है, को अब्दुल रहीम के वारिसान द्वारा मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा के तीन व्यक्तियों को अलग-अलग किरायेनामे के आधार पर दे दी गई थी। जब कि मोहम्मद अब्दुल रहीम द्वारा अपने जीवन काल में ही अपनी उक्त भूमि का वादी के हक में रजिस्टर्ड इकरारनामा महायदा रजिस्टर्ड कराया था। परंतु भूमि स्वामी द्वारा समय पर बैनामा रजिस्टर्ड न करने के कारण क्रेता द्वारा अपने हक में बजरिया अदालत बैनामा रजिस्टर्ड करा कर कब्जा दखल कराने की कार्यवाही अदालत में शुरू कर दी गई। इसी दौरान दो किरायेदारों में एक किरायेदार फैज चौधरी तथा दूसरे फरीद अहमद को पार्टी बनाते हुए न्यायालय सिविल जज जूनियर मुंसफी नगीना से मौके पर यथा स्थिति बनाए रखने का स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया। 11 दिसंबर को जब बिजनौर से अमीन द्वारा पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर कब्जा करने पहुंचे तो फैज चौधरी द्वारा अमीन को मुंसफी नगीना का स्थगन आदेश दिखाने पर उन्हें मौके पर बिना कब्जा कराये बैरंग लौटना पड़ा था। मंगलवार को सिविल जज सीडी दीक्षा यादव बिजनौर के आदेश पर अमीन द्वारा भारी पुलिस बल साथ लेकर उच्च न्यायालय में दायर इजराय वाद संख्या (exoeut10n) 19, 2025 हसीनुद्दीन बनाम अनीस आदि वाद में जारी आदेश की प्रति हसीनुद्दीन का मौके पर कब्जा दिलाने पहुंचे तो, लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पूरी विवादित भूमि और भूमि में बनी दुकानों पर वादी का दखल दिला दिया गया। इससे कई वर्षों से कब्जा जमाये बैठे व्यक्तियों के सारे मंसूबों पर पानी फिर गया।

**"फरीद डॉन का धारा 151 में चालान**

**विवादित स्थल पर दखल दिलाने आए अमीन और पुलिस बल की मौजूदगी में किरायेदार फरीद अहमद उर्फ डॉन द्वारा वादी को भविष्य में भुगत लेने की धमकी दिये जाने पर पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर थाने भिजवा दिया। बाद में इसका धारा 151 में चालान कर एसडीएम कोर्ट भेज दिया गया।**

# 45 साल से आंदोलन जारी, कब पूरी होगी मांग हमारी?

## पश्चिमी उ.प्र. में हाईकोर्ट बैंच की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रयागराज (इलाहाबाद) उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना कराए जाने की मांग पर अधिवक्तागण लगभग विगत 45 वर्षों से निरंतर संघर्षरत हैं।



गजेंद्र सिंह एड.

बार एसोसिएशन धामपुर के पूर्व अध्यक्ष तथा नगर के वरिष्ठतम अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि वर्ष 1980 में धामपुर में सीपी मिश्रा, पीसीएस, उपजिलाधिकारी तैनात थे और अधिवक्तागण खंडपीठ की स्थापना की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे तथा पुरानी तहसील में पुरातन पिलखन के पेड के नीचे मंच बना कर क्रमिक अनशन चलाया जा रहा था, जिसमें अधिवक्ताओं के साथ ही साथ लेखक, मुंशी, स्टांप विक्रेता, टाईपिस्ट भी सहयोग कर रहे थे, तब एसडीएम ने आंदोलन के प्रति सहानुभूति पूर्ण सहयोग दिया था। तब से अब तक आंदोलन जारी है। उत्तर प्रदेश तथा केंद्र में कई दलों की सरकारें पदारूढ़ हुई, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह मांग यथावत है, गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार तथा केंद्र की डबल ईंजन सरकार से पुरजोर मांग करते है कि इस मांग पर शीघ्र ही उदारता के साथ विचार किया जाए और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक खंडपीठ किसी उचित स्थान पर स्थापित की जाए जिससे इस क्षेत्र की वादकारी जनता को प्रयागराज तक का आने-जाने पर होने वाले समय तथा व्यय की बचत हो सके। मार्च 1986 में जब गजेंद्र सिंह एडवोकेट, बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष चुने गए तब उन्होंने इस दिशा में काफी प्रयत्न भी किये। मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मुरादाबाद आदि स्थानों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी धामपुर के अधिवक्ताओं की लगातार सहभागिता रहा करती थी।

# भण्डारे के साथ, भागवत कथा समाप्त

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** श्रीहनुमान मन्दिर, लालद्वारा, बैराज मार्ग पर गत 09 दिसम्बर से प्रारंभ हुए श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का पूर्ण समापन मंगलवार, को भावपूर्ण वातावरण में हुआ। समापन पर श्रद्धालुजनों के लिए विशाल प्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन बड़ी श्रद्धा भक्ति भाव के साथ किया गया, जिसमें हरिद्वार और ऋषिकेश के महंत, सन्त-महात्मा तथा भक्तगण पधारे। कथा आचार्यद्वय पं.सोमनाथ शास्त्री जगन्नाथपुरी व पं. श्रीरामू शास्त्री द्वारा परमपूज्य श्री 108 महन्त छोटनदास जी महाराज, भावताचार्य आचार्य नारायण दास महाराज, महामण्डलेश्वर श्रीदुर्गादासजी महाराज, महामण्डलेश्वर रघुबीरदास जी महाराज, के साथ कथा यजमान धर्मेंद्र सिंह, श्रीमती मंजू सिंह, सावित्री सिंह, संजीव सिंह, श्रीमती गीता सिंह सहित अनेक भक्तों ने पूर्णहुति हवन का लाभ प्राप्त किया। पूज्य महन्त छोटनदास जी महाराज नें समस्त आयोजन की पूरी व्यवस्था को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराया। भंडारे में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# तर्कशक्ति का आधार है गणित - अनिता सिवाच

## वालिया ग्लोबल एकेडमी में गणित प्रदर्शनी का आयोजन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बच्चों की गणितीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने, उनकी तार्किक सोच तथा आत्मविश्वास को बढ़ाने हेतु वालिया ग्लोबल एकेडमी में गणित प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रबन्धक समिति के सदस्यों कमलकांत वालिया, श्रीमती इंदु वालिया, रमाकांत वालिया, श्रीमती रुचिका वालिया द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गणित से सम्बन्धित अनेक आकर्षक मॉडल, चार्ट एवं कार्यशील प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में ज्यामिती, बीज गणित, सांख्यिकी, संख्या पद्धति तथा गणित के दैनिक जीवन में उपयोग जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। गणितीय खेल,



प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किये गये मॉडल।

पहेलियां, आयामी आकृतियां व प्रायकिता समिति एवं मापन जैसे विषयों पर आधारित मॉडल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट को आत्म-विश्वास के साथ समझाया, जिसकी शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सराहना की। यह प्रदर्शनी छात्रों की तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता व संवाद कौशल को विकसित करने में सहायक सिद्ध हुई। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल, प्रोजेक्ट की विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीगती अनीता सिवाच व प्रबन्ध समिति के सभी सदस्यों ने प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने संदेश दिया कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं बल्कि रचनात्मकता व तर्कशक्ति का आधार है।

# भाजपा की राष्ट्रीय व प्रांतीय कार्य समिति में मनोनीत सदस्यों का स्वागत किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा दुर्गा विहार कॉलोनी में पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र धनौरिया और नगीना लोकसभा के पूर्व सांसद यशवंत सिंह को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति में सदस्य और भूपेंद्र सैनी को प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किए जाने पर सम्मानित किया गया।



नव मनोनीत पदाधिकारियों का सम्मान समारोह।

समारोह में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बोबी ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जिला बिजनौर के लिए सम्मान का विषय है कि जिले में तीन कार्यकर्ताओं महेंद्र धनौरिया, पूर्व सांसद यशवंत सिंह और पूर्व विधायक चांदपुर कमलेश सैनी को राष्ट्रीय परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है। भाजपा में छोटे से छोटे कार्यकर्ता का भी सम्मान होता है। नवनियुक्त राष्ट्रीय पार्षद महेंद्र धनौरिया व डॉक्टर यशवंत सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय और प्रांतीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक राकेश चौधरी ने किया। समारोह में नवनियुक्त सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर व पटका पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसौदिया, जिलाउपाध्यक्ष दिनेश सैनी, सुभाष चौहान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, डॉ. एनपी सिंह, महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलौत, अनिल शर्मा, सतवंत सिंह सलूजा, डीएस चौहान, प्रमोद राठी, दीपक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, सभासद सुमित माहेश्वरी, संतोष राजपूत, मुकुल सैनी, सोमपाल सैनी, ओमप्रकाश सिंह, आशीष राजपूत, दीप सौरभ, विनीत कौशिक, उदित जैन, संदीप सैनी, डॉ. संजय भटनागर, निखिल छावड़ा, धर्मेंद्र सैनी, विपिन गुप्ता, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कोहरा आया घना, दुर्घटना का सबब बना

## तीन हादसों में बच्चे सहित चार लोग घायल

**शेरकोट (चिंगारी)**। घने कोहरे के कारण अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन सड़क हादसों में एक बच्चे व बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु अलग-अलग अस्पताल में ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ के मौहल्ला मुमताज़ हुसैन निवासी मौ. फैसल कल पिकअप गाड़ी में मुर्गियां लेकर शेरकोट की ओर आ रहा था। जब ये हरेवली मार्ग पर ग्राम बाजीदपुर के निकट स्थित डिग्री कालेज के सामने पहुंचा तो घने कोहरे के बीच शेरकोट की ओर से जा रहे यूरिया खाद से भरे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने से हुई भीषण



टक्कर में पिकअप चालक फैसल गम्भीर रूप से घायल हो गया और उसकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल फैसल को उपचार हेतु भिजवाया और दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर कब्जे में ले लिया। दूसरी घटना देर शाम इसी मार्ग पर बिजलीघर बाइपास के निकट एक बाइक के सड़क से उतरकर पलट जाने से हुई, जिसमें अपने साले के साथ हरेवली से लौट रहे बाइक सवार स्योहारा के मोहल्ला मिलकियान निवासी आफ़ताब अहमद घायल हो गए। जबकि तीसरी घटना हाईवे पर सिगाई की पुलिया के निकट हुई, जिसमें एक स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस घटना में अफजलगढ़ जा रहे धामपुर निवासी आनन्द सिंह, उनकी पत्नी गीता देवी और आठ वर्षीय पुत्र राघव सड़क पर गिर गए और गीता देवी व राघव के चोट लगी। सभी घायलों को उपचार हेतु अलग-अलग प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। जहां से उन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# कृषक गोष्ठी में बीज शोधन व भूमि शोधन की जानकारी दी



नहटौर में रबी कृषक गोष्ठी में उपस्थित किसान।

**नहटौर (चिंगारी)**। बुधवार को राजकीय कृषि बीज भंडार पर आयोजित कृषि गोष्ठी में एडीओ पीपी राजू सिंह ने किसानों को बीज शोधन, भूमि शोधन एवं रसायनों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी विस्तार से दी। एडीओ कृषि अमोल तोमर ने बताया कि 12 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 25 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं में से 10 ग्राम पंचायतों में हो चुका है।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी ने पशुओं में होने वाले नि:शुल्क टीकाकरण योजना एवं कृत्रिम गर्भाधान योजना की विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्षता कर रहे गन्ना पर्यवेक्षक मो.नासिर खान ने योजनाओं की जानकारी देते हुए गन्ने की नवीनतम प्रजातियों 13235, 14201, 16202, 18231 आदि की जानकारी दी।

खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने कृषकों को सहफसली खेती एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करते हुए मृदा स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराने के लिए जागरूक किया। गोष्ठी में प्रधान संघ अध्यक्ष उदित चौधरी, एडीओ दीनदयाल सिंह, पुनीश कुमार, परवेंद्र, कमल, लोकनाथ, शशिबाला, कृषक मा. विजयपाल सिंह, सुभाष चंद्र, नरेंद्र, जकीउद्दीन, पीतम, महिपाल सिंह, सत्यवीर, जसवंत सिंह, पिंकी, नीतू, रीना, रेनू आदि कृषकों ने भाग लिया। संचालन एडीओ कृषि रक्षा सुभाष सिंह ने किया।

# कल मचाया कोहरे ने कोहराम, आज धूप से मिला आराम

**बिजनौर/नांगल सोती (चिंगारी)**। कल पूरे दिन कोहरे से परास्त होने के बाद आज दिनकर देवता जल्दी ही कोहरे की चादर को चीरकर बाहर निकलने में कामयाब हुए। भास्कर भगवान का तेज धरती पर पड़ा, तो ठंड से ठिठुर रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। ज्ञातव्य है कि कल कोहरे ने आसमान में ऐसी मजबूत चादर फैला दी थी कि दिनकर देवता पूरे जोर लगाकर भी उसे चीर पाने में असफल रहे थे। सूर्य देवता के दर्शन न देने से धरतीवासी कल पूरे दिन भीषण ठंड में ठिठुरते रहे। उधर कल शाम होते ही मौसम एकदम सर्द हो गया था, जिससे लोग जल्दी ही घरों के अंदर घुसने को मजबूर हो गये थे। कोहरे के कोहराम और भीषण ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने कक्षा एक से कक्षा 12 तक के स्कूलों में आज का अवकाश घोषित कर दिया था। आज सुबह कोहरा थोड़ी देर को ही नीचे उतरा। इस कारण आज मौसम में कल की अपेक्षा कम ठंडक रही। फिर सुबह 10 बजे भास्कर भगवान कोहरे की चादर को चीरकर बाहर निकलने में कामयाब हो गये। इससे ठंड में ठिठुर रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। जगह-जगह लोग धूप सेंकते नजर आये।

# युवकों ने किसान के साथ मारपीट की

**नांगल सोती (चिंगारी)**। ग्राम जालपुर निवासी जोगेन्द्र सिंह पुत्र अमर सिंह ने आज पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि बीती रात्रि 9 बजे वह अपने खेत पर चीनी मिल से मंगाई गई मैली (खाद) उतरवा रहा था, तभी पास के ग्राम अभिपुरा के जंगल की तरफ से मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवक आये तथा अकारण उसे तमंचा दिखाकर मारपीट करने लगे। जोगेन्द्र का कहना है कि उसने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस आयी, तो वे भाग गये। जोगेन्द्र का आरोप है कि पीआरवी के जाने के बाद आरोपी फिर से आये तथा मारपीट कर तमंचे के बल पर उससे 7 हजार रूपये छीन लिये, उसका मोबाइल तोड़ दिया तथा ट्रैक्टर में तोड़फोड़ कर दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। जोगेन्द्र सिंह ने औरंगपुर बसंता उर्फ काठपुर के एक युवक को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। उधर थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक का कहना है कि मामला केवल मारपीट का है। जोगेन्द्र जब अपने खेत में मैली उतरवा रहा था, तो शराब के नशे में बाइक सवार युवक वहां पहुंचे और रास्ते से ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को कहा। जोगेन्द्र ने दूसरे रास्ते से निकलने को कहा, इसी बात को लेकर उनमें मारपीट हुई।

# नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन, 100 लोगों का होगा ऑप्रेशन

**चांदपुर (चिंगारी)**। विवेक हॉस्पिटल बिजनौर की ओर से आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में लगभग 100 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। ग्राम



खानपुर खादर में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में डा. शहजाद अहमद, डा. संजीव शर्मा, डा. स्पर्श सोती, डा. लवकुश शर्मा, डा. अभिषेक बालियान व आस्था रानी ने शिविर में आये लगभग 300 रोगियों की आंखों की जांच की तथा आंखों की बीमारी से बचाव हेतु रोगियों को आवश्यक सुझाव भी दिये। शिविर में अमित गोयल, अजय कुमार कौशिक, यशपाल सिंह, धर्मपाल सिंह यादव, राजकुमार सिंह, नीरज कुमार कर्णवाल, ईश्वर सैनी, रितिक कुमार, सुमित यादव व आसिफ़ खान आदि का सहयोग रहा।

# जलालाबाद की घटना से प्रशासन सतर्क

**नहटौर (चिंगारी)**। जलालाबाद में हुई पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने नहटौर-बूढ़पुर मार्ग पर संचालित इसरार फायर वर्क्स फैक्ट्री का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उपजिला अधिकारी ने संचालक को कार्य सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिये। इस अवसर उन्होंने गोदाम में रखे बोरों को भी देखा। फायर ब्रिगेड की टीम व राजस्व विभाग के लेखपाल मौके पर मौजूद रहे। बुधवार को सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे, थानाध्यक्ष धीरज नागर ने नहटौर अमराबाद मिलक पर संचालित दोनों आतिशबाजी फैक्ट्री का निरीक्षण किया, जिसमें एक फैक्ट्री पूर्ण तरह से बंद मिली, इसी मार्ग पर रऊफ आतिशबाजी फैक्ट्री का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर आतिशबाजी बनती हुई मिली। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एक फैक्ट्री पूर्ण तरह से बंद मिली तथा दूसरी फैक्ट्री में 8 मजदूर काम करते हुए मौके पर मिले।

# अभिभावक संघ ने की स्कूलों का समय 10 से 3 बजे करने की मांग

**बिजनौर (चिंगारी)**। जनपद में कड़ाके की ठंड के बीच घना कोहरा छाया होने के कारण अभिभावक संघ ने जिला प्रशासन से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों का अवकाश घोषित करने तथा सभी बोर्डों के विद्यालयों का समय 10 से 3 बजे किये जाने का अनुरोध किया है।

जनपद के घने कोहरे की चादर में लिपटने तथा ठंड के प्रकोप को देखते हुए अभिभावक संघ ने बुधवार को भरत विहार स्थित एड. शिवाली सिंह के निवास पर एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष नृपेंद्र देशवाल ने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि जनपद में कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा छाने के कारण गांव देहात से आने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और छोटी क्लास में पढ़ने वाले बच्चों को जल्दी स्कूल भेजना कोहरे के चलते सुरक्षित नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन से जनपद के समस्त बोर्डों के स्कूलों का समय 10 बजे से 3 बजे तक कराये जाने की मांग उठाई है।

बैठक का संचालन करते हुए संघ के सचिव अभिषेक वत्स ने घने कोहरे के चलते प्ले से कक्षा 5 तक के बच्चों का अवकाश घोषित किए जाने का अनुरोध किया। सभा में अतुल विक्रम सिंह, शिवाली सिंह, जया अग्रवाल, सीमा भारती, सीमा सिंह, गुलशेर आलम, खालिद, मोहित, विक्रांत, अजहर आदि उपस्थित रहे।

# फील्ड पर अलर्ट रहें अफसर- सीएम योगी

## कोहरे की लाउडस्पीकर से दें चेतावनी

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। लखनऊ में मथुरा में कोहरे की वजह से यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोहरे और ठंड को लेकर अफसरों को फील्ड में अलर्ट रहने की चेतावनी दी है। उन्होंने सभी मंडलायुक्त, आईजी, जिलाधिकारी, पुलिस, ट्रैफिक और नगर निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनजीवन, यातायात और निराश्रितों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम ने बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि सड़कों, गलियों, हाईवे से लेकर एक्सप्रेसवे तक सुरक्षा इंतजाम चाक-चौबंद रखे जाएं। एक्सप्रेसवे पर पेट्रोलिंग बढ़ाने, ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, टीमें तैनात करने, क्रेन और एंबुलेंस को



चौबीस घंटे उपलब्ध रखने व टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से चालकों को कोहरे की चेतावनी देने के निर्देश दिये। उन्होंने खराब विजिबिलिटी में यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित करने और ओवर स्पीडिंग पर सख्त कार्रवाई करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि कोहरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क प्रकाश व्यवस्था, रिफ्लेक्टर, पेट्रोलिंग और आपात सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डार्क स्पॉट चिन्हित कर वहां तत्काल बेहतर इंतजाम के निर्देश दिये गये हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और स्टेट हाईवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। सीएम ने ठंड और शीतलहर के मद्देनजर निर्देश दिया कि कोई भी व्यक्ति खुले में सोता न मिले। निराश्रितों को रैन बसेरों तक पहुंचाया जाए, जहां हीटर, अलाव और कंबल की समुचित व्यवस्था हो। गौशालाओं में भी गौवंश को ठंड से बचाने के लिए अलाव और अन्य जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

### ट्रैवल गाइडलाइन जारी

- धुंध के दौरान वाहन की गति निर्धारित सीमा से कम रखें
- वाहन की फॉग लाइट का प्रयोग करें और लो-बीम पर हेडलाइट रखें
- इमरजेंसी इंडिकेटर्स को चालू रखें
- आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखें
- एक्सप्रेस-वे पर बार-बार लेन बदलने से बचें
- ओवरटेकिंग बिल्कुल न करें
- यदि कोहरा बहुत घना हो, तो रिस्क न लें
- अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप जरूर लगवाएं

## सुदामा व राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर



नजीबाबाद (चिंगारी)। तहसील क्षेत्र के ग्राम जालबपुर गूदड़ स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का बुधवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ समापन किया गया। कथावाचक रास रसिक दास महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण की लीलाओं व दिव्य प्रसंगों से अवगत कराया। रास रसिक दास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की शादियों का प्रसंग, सुदामा चरित्र, कंस वध तथा राजा परीक्षित के मोक्ष की गाथाएं सुनाई। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से जीव का कल्याण होता है, इसे करवाने वाले भी पुण्य के भागी बनते हैं। सुदामा प्रसंग पर उन्होंने कहा कि सुदामा के पास भले ही भौतिक संपदा नहीं थी, लेकिन कृष्ण नाम का अमूल्य धन उनके पास था। उन्होंने कभी किसी से कुछ नहीं मांगा, पत्नी सुशीला के आग्रह पर जब वे अपने मित्र कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे, तब भी उन्होंने कुछ नहीं मांगा, लेकिन भगवान ने उन्हें समृद्धि से नवाजा. यह प्रसंग भक्ति, मित्रता व समानता का अनुपम उदाहरण है। राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि ऋषि श्रृंगी के श्राप के अनुसार सातवें दिन तक्षक नाग ने परीक्षित को डसा, लेकिन भागवत कथा के प्रभाव से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। कथा समापन पर कथा वाचक रास रसिक दास महाराज की विदाई के समय भक्तों का भावुक होना आकर्षण का केंद्र रहा। महाराज ने सभी भक्तों को अच्छे मानव बनने का संदेश दिया।

## प्रशासन ने विस्फोट के बाद पटाखा फैक्ट्री सील की

### फैक्ट्री संचालकों की लापरवाही से हादसा माना

नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रशासन ने कस्बा जलालाबाद की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में एक मजदूर की मौत होने के मामले की जांच के बाद फैक्ट्री को सील कर दिया है। घटना के बाद प्रशासन की टीम मामले की जांच में जुटी थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। थाना क्षेत्र के कस्बा जलालाबाद नहर बाईपास मार्ग स्थित शिफा फायर वर्क्स पटाखा फैक्ट्री में बीते मंगलवार की सुबह अचानक जोरदार धमाका हो गया था। जिसमें किरतपुर के पाडला निवासी मजदूर सुधीर कुमार पुत्र राजपाल की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। घटना की सूचना मिलते ही बिजनौर एसपी अभिषेक झा, एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ नितेश प्रताप व थाना प्रभारी राहुल कुमार आदि ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की बारीकी से जांच पड़ताल की थी। एसपी ने संबंधित विभागों को फैक्ट्री की जांच के आदेश दिये थे। जांच के बाद घटना का कारण फैक्ट्री संचालकों की लापरवाही माना गया। जिसके बाद नजीबाबाद एसडीम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह, अग्निशमन प्रभारी कन्ही सिंह जादौन ने पटाखा फैक्ट्री को सील कर दिया। इस घटना के बाद जनपद भर के साथ नजीबाबाद क्षेत्र की अन्य पटाखा फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया। जिला अग्निशमन मुख्य अधिकारी राजीव कुमार पांडे के दिशा निर्देशन में नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नांगल सोती, भनेड़ा व कल्हेडी में संचालित पटाखा फैक्ट्री की अधिकारी जांच के लिए पहुंचे। सभी स्थानों पर पटाखा फैक्ट्रियां बंद पाई गई। अधिकारियों ने सभी पटाखा फैक्ट्री संचालकों को मानकों के अनुसार सुरक्षित रहकर फैक्ट्री संचालित करने के निर्देश दिये है। लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।



## महिला व बाल सुरक्षा के उद्देश्य से चलाया जागरूकता अभियान

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली के पंचायत घर में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला एवं बाल सुरक्षा के उद्देश्य से साइबर अपराध के विषय में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा के महत्व, सतर्कता एवं जागरुकता की जानकारी दी गयी। बुधवार को मंडावली के पंचायत घर पर आयोजित कार्यक्रम में एसएसआई योगेन्द्र सिंह ने मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को सशक्त व आत्मविश्वासी बनाने के लिए सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक रुचि ने महिलाओं को जागरूक करते हुए महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि आवयश्कता पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों को प्रयोग कर सकते है। उन्होंने साइबर अपराध के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर एसआई राहुल कुमार, महिला कांस्टेबल मानसी, हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह, कांस्टेबल गौरव आर्य, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि माजिद हुसैन, शमीम अहमद, तनु शर्मा आदि मौजूद रहे।




जागरूकता कार्यक्रम में शामिल पुलिस अधिकारी।

गीजर ही गीजर





खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# सूचना कर्मचारी संघ ने आयोजित की इंडोर खेल प्रतियोगिता

## विजेता प्रतिभागियों को महानिदेशक सूचना ने प्रदान किये पुरस्कार



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड सूचना कर्मचारी संघ (मुख्यालय), देहरादून द्वारा प्रथम इंडोर खेल प्रतियोगिता–2025 का आयोजन किया गया। महानिदेशक सूचना तिवारी द्वारा सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं मेडल प्रदान करते हुए कहा कि हम सभी को अपनी जीवनशैली में योग और खेल को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जीवनशैली में बढ़ते तनाव को कम करने के लिये नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूचना संघ द्वारा यह अच्छी पहल की गई है। सभी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

इस अवसर पर अपर निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता भविष्य में भी आयोजित की जाये। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय, उपनिदेशक मनोज श्रीवास्तव, रवि बिजारनिया द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में संघ के महामंत्री अंकित चौहान द्वारा स्वागत भाषण किया गया। अंकित चौहान ने कहा कि महानिदेशक सूचना की प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष कैलाश रावत द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र भी वितरित किये गये।

# पिता व भाई की शिकायत पर डीएम ने लाइसेंस निरस्त किया

**नैनीताल ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया कि विकास किरौला पुत्र जी.एस. किरौला, निवासी बलोट होटल, भुजियाघाट, थाना नैनीताल के विरुद्ध उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के अवलोकन से यह तथ्य प्रकाश में आया है कि लाइसेंसी का अपने पिता एवं सगे भाई के साथ संपत्ति संबंधी विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त वादों से यह स्पष्ट होता है कि पारिवारिक सदस्यों के मध्य गहरा वैमनस्य विद्यमान है तथा भावनात्मक उत्तेजना की प्रबल संभावना बनी हुई है। लाइसेंसी के पिता एवं सगे भाई द्वारा भी अपने जीवन को लेकर भय व्यक्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि भूमि एवं संपत्ति से जुड़े पारिवारिक विवाद स्वभावतः अत्यंत तनावपूर्ण एवं संवेदनशील होते हैं, ऐसे मामलों में शस्त्र की उपलब्धता स्थिति को और अधिक गंभीर एवं घातक रूप प्रदान कर सकती है। उपलब्ध तथ्यों के आलोक में यह आशंका व्यक्त की गई है कि शस्त्र का प्रयोग परिवार के ही सदस्यों के विरुद्ध किया जा सकता है।

# जिला बार में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी- सांसद ने दी 5 लाख की निधि




**नैनीताल ( चिंगारी )।** जिला बार संघ के अधिवक्ताओं को बढ़ी सौगात मिली है। बार संघ कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक में अधिवक्ताओं के हित में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। आम सभा में अधिवक्ताओं की सुविधाओं को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए, जिनमें डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना और चैंबर निर्माण प्रमुख रहे। बार संघ के अध्यक्ष भगवत प्रसाद एवं सचिव दीपक रुवाली ने आम सभा को संबोधित करते हुए शीघ्र ही डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित किए जाने की बात कही, जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी डिजिटल लाइब्रेरी के लिए सहयोग देने की बात कही।

वहीं सांसद अजय भट्ट ने अधिवक्ताओं के चैंबर निर्माण के लिए सांसद निधि से 5 लाख की राशि स्वीकृत की। इस पर बार संघ एवं अधिवक्ताओं ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में बार संघ अध्यक्ष ने नैनीताल में नये न्यायालयों की स्थापना की मांग को दोहराया, वहीं सचिव दीपक रुवाली ने डिजिटल लाइब्रेरी से अधिवक्ताओं को आधुनिक कानूनी जानकारी व शोध सुविधा की बात कही। बैठक में उपाध्यक्ष शंकर चौहान, राजेन्द्र कुमार, पाठक हरिशंकर, कंसल नीरज साह ओंकार, गोस्वामी राजेश चंदोला, गिरीश खोलिया, प्रमोद बहुगुणा, अखिलेश साह, ज्योति प्रकाश सिंह बोरा, सुशील कुमार शर्मा, कैलाश जोशी, जगदीश मौलखी, हरीश पांडेय, भरत भट्ट, राकेश सुयाल, प्रीति साह, मंजू कोटलिया, दीपक दत्त पांडेय, गौरव कुमार, उमेश कांडपाल, शिवांशु जोशी, शशांक कुमार, गंगा सिंह बोरा, भानु प्रताप, महोम्मद खुर्शीद, अब्दुल समीर, कैलाश गोस्वामी, मुन्नी आर्या, किरन आर्या, जया आर्या, कमला अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# नगीना में आधुनिक मशीनों के साथ अल्ट्रासाउंड सेंटर का शुभारंभ



**नगीना ( चिंगारी )।** आईजेबी चैरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड सेंटर का भव्य उद्घाटन अस्पताल के अध्यक्ष मास्टर मुमताज अहमद ने फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस नई शुरुआत के साथ, नगीना और आस–पास के क्षेत्रों के निवासियों को अब हाई–क्वालिटी डायग्नोस्टिक सेवाओं, जैसे अल्ट्रासाउंड और 2D ईको के लिए धामपुर, बिजनौर या नजीबाबाद जाने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। आईजेबी अल्ट्रासाउंड सेंटर में, जिला बिजनौर की सबसे आधुनिक मशीनों को स्थापित किया गया है। मैनेजर डॉक्टर फैयाज़ मोहम्मद अंसारी ने कहा कि हॉस्पिटल को जिस मक़सद के साथ बनाया गया था, आज उस मक़सद को एक नई पहचान मिली है। आने वाले समय में आईजेबी अल्ट्रासाउंड सेंटर मील का पत्थर साबित होगा और नगीनावासियों तथा आसपास के सभी गांवों के लोगों को अब कहीं भी दूर जाने की ज़रूरत नहीं होगी। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर फरहान मोहम्मद अंसारी ने इस अवसर पर कहा, पिछले दो सालों से हमारा हॉस्पिटल नगीना और आसपास के गांवों को सबसे आधुनिक और किफ़ायती इलाज मुहैया करा रहा है। इस मौके पर डाक्टर अब्दुल कय्यूम (वाइस प्रेसीडेंट), मास्टर इसरार साहब (सचिव), मो. जाकिर हुसैन (कोषाध्यक्ष), अरशद महमूद साहब (संयुक्त सचिव), जाकिर हुसैन साहब (संयुक्त प्रबंधक), अनीस अख्तर (आडिटर), डॉ. नफीस अहमद, डॉ. खुर्शीद अहमद, अब्दुल समद, मुख्तार ठेकेदार, मो. यमीन, मो. साजिद, एडवोकेट मोहम्मद आरिफ खां, मोहम्मद जुनैद मालिक अमरोहा, मोहम्मद ताहिर मुल्तानी, मोहम्मद ताहिर भूरापुर मौजूद रहे।

## सच्ची-मुच्ची

खोट हुआ किसी नीयत में डाक दरों के रेट बढ़ गये।
और दूसरी ओर कोरियर वालों के दिमाग चढ़ गये।
अगर विकास इसे कहते हैं, तो इसको मेरा प्रणाम है।
चिट्ठी के आने-जाने के सभी रास्ते आज पढ़ गये।
गहरा घना कोहरा छाया है सड़क दिखायी नहीं दे रही
और जरा सी असावधानी दुर्घटना का जन्म दे रही
जाने सूरज कब निकलेगा और धूप के दर्शन होंगे
आज अभी तक आसमान में चिड़िया नहीं दिखाई दे रही

–हितेश कुमार शर्मा, बिजनौर



# बीमारियों से बचाने वाली चाय

**चाय** के साथ दिन की शुरुआत करते हैं तो यहां जानें कौन-सी चाय दिन में कब पीनी चाहिए ताकि स्वाद मिले, ठंड से बचाव हो और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़े। यहां 3 अलग चाय के बारे में जानें। चाय पीना हममें से ज्यादातर लोग पसंद करते हैं। ज्यादातर लोगों के दिन की शुरुआत एक कप चाय के साथ ही होती है। खास बात यह है कि जो लोग आमतौर पर चाय नहीं पीते हैं, सर्दी के मौसम में वे भी इसकी चुस्कियां लेना शुरू कर देते हैं। यहां आपको ऐसी तीन खास चाय के बारे में बताया जा रहा है, जिन्हें पीने से जायका भी बदलेगा और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी। यानी सर्दी, जुकाम, बुखार जैसी बीमारियां आपसे कोसों दूर रहेंगी...



**1. मसाला चाय :-** मसाला चाय में हल्दी-जीरा टाइप मसाले नहीं डालने हैं, बल्कि कुछ खास और चुनिंदा चीजों का उपयोग करना है। जैसे- दालचीनी, लौंग, काली मिर्च, इलायची, अदरक या सौंठ।

**2. हल्दी की चाय :-** हल्दी की चाय का नाम पढ़ते ही आप कहेंगे ये क्या बला है! सब्जी में हल्दी, दूध में हल्दी और अब चाय में भी हल्दी... जनाब ठहरिए जरा! पहली बात तो ये कि इस चाय के साथ आपको दिन की शुरुआत नहीं करनी है, बल्कि इसे दोपहर में किसी टाइम या अगर रात को चाय पीने का मन हो तब इसका सेवन करना है।

**3. तुलसी-अदरक की चाय :-** सर्दी के मौसम में ज्यादातर भारतीय घरों में चाय बनाते समय अदरक और तुलसी पत्ती का उपयोग किया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये दोनों ही सर्दी में होने वाली सीजनल बीमारियों से बचाने का काम करते हैं। तुलसी और अदरक में ऐंटी-बैक्टीरियल और ऐंटी-वायरल गुण होते हैं, जो सर्दी-खांसी-जुकाम इत्यादि पैदा करने वाले बैक्टीरिया को पनपने नहीं देते। बुखार वाले वायरस को शरीर पर हावी नहीं होने देते। इस चाय के साथ आप अपने दिन की शुरुआत करें। ताजगी भी महसूस होगी और ठंड भी नहीं सताएगी।

### कैसे बनाएं हल्दी की चाय?

**1 कप पानी, 1/4 चम्मच हल्दी, गुड़, स्वाद के अनुसार, 1 हरी इलायची। सबसे पहले पानी को गर्म होने के लिए रखें और इसमें हरी इलायची को कूटकर डाल दें। जब पानी खौलने लगे, तो इसमें हल्दी पाउडर डालें और गुड़ डाल दें। इसे छान लें और घूंट-घूंट करके इस चाय का स्वाद लें। खाना खाने के बाद भी आप इस चाय का सेवन कर सकते हैं।**

### कैसे बनाएं मसाला चाय?

**एक कप पानी को गर्म होने के लिए रखें और इसमें एक चौथाई चम्मच चाय पत्ती डाल दें। फिर इसमें बहुत थोड़ी-सी दालचीनी, एक काली मिर्च, हरी इलायची, अदरक को कूटकर डाल दें। जब पानी खौलने लगे, तो इसमें दूध डालें और एक उबाल आने के बाद इसमें स्वाद के अनुसार चीनी, शक्कर या गुड़ डालें। मीठा डालने के बाद चाय को अधिक पकाना नहीं चाहिए। इसलिए गैस बंद करें और चाय को छानकर इसका आनंद लें। जब भी नींद आ रही हो और आपको काम करना हो या फिर आलस हावी हो रहा हो तब इस चाय का सेवन करें। एनर्जी भी मिलेगी और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी।**

### कैसे बनाएं तुलसी-अदरक की चाय?

**तुलसी और अदरक की चाय बनाते समय इस बात का ध्यान रखें कि तुलसी पत्ती को चाय के पानी में शुरू में डालना होता है। जबकि अदरक को बाद में डालना चाहिए। ऐसा करने से चाय की खुशबू-स्वाद और गुण सभी बरकरार रहते हैं। सबसे पहले पानी गर्म होने रखें और इसमें तुलसी पत्ती तथा चायपत्ती डाल दें। उबाल आने के बाद इसमें अदरक डालें और एक बार खौला लें। अब इसमें दूध डालें और एक उबाल आते ही आंच बंद कर दें। कप में चाय छानें और इसकी चुस्कियों के साथ अपने दिन की शानदार शुरुआत करें।**

## प्रेरक प्रसंग

### संन्यासी की क्षमा याचना

स्वामी विवेकानन्द नये-नये संन्यासी बने थे। वह तब तक प्राणिमात्र में ईश्वर के दर्शन का संदेश समझ नहीं पाए थे। युवावस्था में वह काफी समय तक ग्रामीण अंचलों का भ्रमण करने में लगे रहे। वह गांवों की स्थिति का अध्ययन करते और लोगों को सदाचारी बनने और दुर्व्यसनों से दूर रहने का उपदेश दिया करते थे। एक दिन भीषण गर्मी में स्वामी जी एक गांव से गुजर रहे थे। प्यास लगी, तो खेत की मेढ़ पर बैठे एक व्यक्ति को लोटे से पानी पीते देखकर कहा, भैया, मुझे भी थोड़ा पानी पिला दो। उस ग्रामीण ने भगवा वस्त्रधारी संन्यासी को देखकर सिर झुकाया और बोला, महाराज, मैं निम्न जाति का व्यक्ति आपको अपने हाथों से पानी पिलाकर पाप मोल नहीं ले सकता।

स्वामी जी यह सुनकर आगे बढ़ गए। कुछ ही क्षणों में उन्हें लगा कि मैंने साधु बनने के लिए जाति, परिवार तथा पुरानी प्रचलित गलत मान्याताओं का परित्याग कर दिया, फिर आग्रह करके उस निश्छल ग्रामीण का पानी क्यों नहीं स्वीकार किया? मेरा सोया जाति अभियान क्यों जाग उठा? यह तो अधर्म हो गया। वह तुरंत उस किसान के पास लौटकर बोले, भैया, मुझे क्षमा करना। मैंने तुम जैसे निश्छल परिश्रमी व्यक्ति के हाथों पानी न पीकर घोर पाप किया है। निम्न जाति तो उसकी होती है, जो दुर्व्यसनी और अपराधी होता है। स्वामी जी ने उसके हाथ से लोटा लेकर पानी ग्रहण किया। बाद में वह खुलकर ऊंच-नीच की भावना पर प्रहार करते रहे।

### मृदु वचन सर्वोच्च-तप है

कर्नाटक में जन्मे संत बसवेश्वर भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। एक बार वह भ्रमण करते हुए एक धनाढ्य भक्त के यहां पहुंचे। वह भक्त उनके प्रति अनन्य श्रद्धा भावना रखता था। उन्होंने देखा कि जब कुछ व्यक्ति उससे मिलने पहुंचे, तो उसने न उन्हें बैठने को कहा और न ही उठकर उनका स्वागत किया। जब उस भक्त ने हाथ जोड़कर संत जी से कहा, 'कल्याण का साधन बताने की कृपा करें', तो संत जी ने कहा, 'जो अपने द्वार पर आए अतिथि से विनयवत व्यवहार नहीं करता, उससे जल तक ग्रहण करने को नहीं कहता, उसका कल्याण नहीं हो सकता।' चंद शब्दों में ही उन्होंने अतिथि सेवा की शिक्षा उसे दे दी। संत ने भक्तों को उपदेश देते हुए कहा, 'मृदु वचन ही सर्वोच्च जप व तप है। भगवान को कोमल व निश्छल हृदय से ही वश में किया जा सकता है।' दुर्गुणों को त्यागने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा, 'चोरी, हिंसा, क्रोध, झूठ तथा लोभ, ये पांच महापाप हृदय को अपवित्र करते हैं। दया, करूणा, भावना, विनयशीलता, सत्य तथा भगवत प्रेम-ये पांच सद्गुण धारण करने वाला व्यक्ति सहज ही में लोक व परलोक को कल्याणकारी बना लेता है। संत ने कन्नड़ भाषा में हजारों पदों की रचना की। ये वचन बसकोपनिषाद नाम से जाने जाते हैं।'

# सर्दी में गर्मी का अहसास



**अब समय है, जब आप अपने शरीर को हाड़ कंपा देने वाली सर्दी से जूझने के लिए तैयार करें। ताकि मौसमी बीमारियों से बचाव हो और सर्दी आपको सता भी ना पाए। इसके लिए आपको अपने खान-पान और डेली लाइफ के रूटीन में कुछ छोटे से बदलाव करने हैं- जैसे दिन की शुरुआत करने से लेकर नहाने के तुरंत बाद क्या करें ताकि ठंड लगनी एकदम से बंद हो जाए। इस बारे में यहां आपको जरूरी जानकारियां दी जा रही हैं...**

### दिन की शुरुआत करें ऐसे

आप सुबह उठते ही सबसे पहले गुनगुने पानी का सेवन करें। इससे आपका पेट जल्दी साफ होगा और सर्दी के कारण डिहाइड्रेशन की समस्या भी नहीं सताएगी। अब आप एक चम्मच च्यवनप्राश खाएं और एक गिलास गर्म दूध पिएं, दूध तैयार करते समय इसमें गुड़ और थोड़ी सी हल्दी मिला लें। शानदार टेस्टी दूध तैयार होगा। जो शरीर को गर्म भी रखेगा और बीमारियों से भी बचाएगा। इसके बाद कुछ देर की वॉक और थोड़ी एक्सर्साइज जरूर करें। स्ट्रेचिंग करना सबसे अधिक फायदेमंद रहता है, क्योंकि इससे रातभर की सुस्ती और शरीर की ऐंठन एकदम ठीक हो जाती है।

### स्नान करते समय ध्यान रखें ये बातें

स्नान करते समय बहुत तेज गर्म पानी में नहाने से बचें। इससे स्किन सेल्स डैमेज होती है और त्वचा में रूखापन बढ़ता है। नहाने के तुरंत बाद शरीर का पानी पोछने के बाद त्वचा पर बॉडी लोशन या हल्का-हल्का सरसों का तेल लगा लें। इससे सर्दी का अहसास तुरंत गायब हो जाएगा और शरीर में गर्माहट आएगी। स्नान के बाद अदरक-तुलसी की चाय का सेवन करें।

### नाश्ते-खाने में खाएं ये फूड्स

शरीर को गर्माहट और ताजगी देने वाले नाश्ते में ओट्स और मीठा दलिया शामिल है। आप इनका सेवन करें, ये बड़ी आसानी से चुटकियों में बन जाते हैं और ठंड से भी बचाते हैं। दिन में किसी भी समय जब हल्की भूख लगे या क्रेविंग हो तो एक से दो केले का सेवन जरूर करें। केला शरीर का तापमान बनाए रखने में मदद करता है। स्नैक्स टाइम में शकरकंद यानी स्वीट पोटैटो का सेवन करें। कभी इन्हें गुड़ में उबालकर तो कभी चाट मसाले के साथ खाएं। स्वाद भी मिलेगा और ठंड भी दूर रहेगी। रात के भोजन में उड़द की दाल से तैयार खिचड़ी या फिर उड़द की दाल और चपाती खाना शुरू करें। ये शरीर को ऊर्जा देने का काम करती हैं।

# बैराज रोड पर ट्रक से भिड़ी कालेज बस, कई छात्राएं घायल

## अफरा तफरी मची, बस की रफ्तार अधिक होती तो हो सकता बड़ा हादसा

**बिजनौर ( चिंगारी )। गुरुवार की सुबह यहाँ बैराज रोड पर एक कॉलेज बस की आगे चल रहे ट्रक से टककर हो गई जिससे करीब एक दर्जन से अधिक छात्राएं मामूली रूप से घायल हो गईं। घटना से बस में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल छात्राओं को जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया।**

हादसा गुरुवार की सुबह करीब 8:30 बजे दिल्ली-पौड़ी हाईवे पर बैराज पुल के पास हुआ। जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर के बीआईटी कॉलेज की लगभग 15 छात्राएं कॉलेज की बस से प्रशिक्षण के लिए बिजनौर जिला अस्पताल जा रही थीं। बैराज पुल पार करने के बाद कुछ ही दूरी पर बस से आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लेने से बस ट्रक से टकरा गई,जिससे छात्राएं घायल हो गईं।





घायल छात्राओं में संध्या (20 वर्ष), रुचिका, गीतांशु, प्रज्ञा, तनीषा और सरल मिठारिया आदि शामिल हैं। सभी घायल छात्राओं को जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।घायल छात्रा सरल मिठारिया ने बताया कि सभी छात्राएं कॉलेज से प्रशिक्षण के लिए अस्पताल जा रही थीं। उनके अनुसार आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिसके बाद बस चालक ने भी ब्रेक लगाए, लेकिन बस ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि बस की रफ्तार अधिक नहीं थी, अन्यथा हादसा और भी गंभीर हो सकता था।

सरल ने हादसे की संभावित वजहों में कोहरा और ट्रक चालक द्वारा अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगाए जाने की बात कही। बस में सवार सभी छात्राएं बीएससी नर्सिंग और जीएनएम की छात्राएं थीं, जो प्रशिक्षण के लिए अस्पताल जा रही थीं।





घायल छात्राएं

जिला अस्पताल के डॉक्टर यागवेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायल छात्राओं को भर्ती कर लिया गया है। उनका इलाज किया जा रहा है। किसी भी छात्रा को गंभीर चोट नहीं है। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि छात्राओं को अस्पताल भिजवा दिया गया है। सभी छात्राओं को मामूली चोटे है।

# मनरेगा में वित्तीय अनियमितता का मामला प्रकाश में आया

## ग्राम प्रधान ने पौने तीन लाख का चूना लगाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हल्दौर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत ननुपुरा में मनरेगा योजना में करीब पौने तीन लाख रुपयो की शासकीय क्षति व वित्तीय अनियमितता का मामला प्रकाश में आया हैं। ग्रामीणों ने बिना कार्य कराये ही पैसा निकालने का आरोप लगाया हैं। बीडीओ द्वारा जांच के उपरांत मामला सही पाये जाने पर कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को जांच रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई हैं। जिसपर जिलाधिकारी ने एडीएम की अगुवाई में जांच हेतु दो सदस्यीय टीम नामित की है।

गत एक नवंबर को बीडीओ/ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट हल्दौर कुनाल रस्तोगी ने एडीओ (एसटी) अरिन्द्र कुमार, एडीओ (पंचायत) सुशील कुमार, अवर अभियंता (लघु सिंचाई) सुनील कुमार, अवर अभियंता (आरईडी) सीपी सिंह व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पंकज सिद्धार्थ के साथ ग्राम पंचायत ननुपुरा की रूटीन विजिट की थी। विजिट के दौरान ग्रामीण सुमित कुमार, नवनीत कुमार, अमरपाल सिंह, विकुल कुमार एवं दिनेश कुमार आदि ने लिखित रूप से अवगत कराया था कि गांव में मनरेगा के तहत सत्ती वाला तालाब पर बिना काम करायें ग्राम प्रधान ने अपना चहेते मजदूरों को लगभग सवा दो लाख रुपये भुगतान किया हैं। साथ ही राकेश के घर से आनंद के घर तक सीसी रोड का कार्य मानक के अनुसार नहीं कराया गया हैं। जिसकी जांच 11 नवंबर को बीडीओ हल्दौर द्वारा एडीओ (एसटी) अरिन्द्र कुमार, एडीओ (पंचायत) सुशील कुमार, अवर अभियंता (आरईडी) सीपी सिंह व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पंकज सिद्धार्थ से कराई गई। सत्तीवाला तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य मनरेगा वेबसाइट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराया गया। उसकी वित्तीय स्वीकृति 388519 रुपए की हैं। जिसमें एक भुगतान चार मस्टररोल भरकर 112440 का कराया गया

## जिलाधिकारी ने जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई

तथा दूसरा भुगतान चार ही मस्टररोल भरकर 120960 का कराया गया। जबकि मौके पर कार्य नगण्य पाया गया। इस प्रकार 233100 रूपये की क्षति की गई हैं। जोकि वसूली योग्य हैं। जांच टीम को ग्राम पंचायत सचिव द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि इस कार्य के होने, मस्टररोल भरे जाने व भुगतान की उन्हें कोई जानकारी नही हैं और न ही उनके द्वारा भुगतान के लिए संस्तुति की गई। इसी तरह राकेश के घर से आनंद के घर तक सीसी रोड का कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत 649136 की स्वीकृति का हैं। जिसमें 47400 रुपए अर्द्धकुशल मजदूरों का एवं 60435 रुपए अकुशल मजदूरों का भुगतान हुआ है। अर्द्धकुशल श्रामांश पर हुए भुगतान 47400 रूपये का विस्तृत विवरण नहीं बनाया गया है धनराशि जस्टिफाईड न होने कारण वसूली योग्य हैं। खंड विकास अधिकारी/ ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट हल्दौर कुनाल रस्तोगी ने संयुक्त टीम की रिपोर्ट एवं जांच आख्या एवं अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों को संलग्न करते हुए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित कर उनसे अनुरोध किया है कि उक्त दोनों कार्यो में हुई शासकीय क्षति, वित्तीय अनियमितता एवं मनरेगा गाइडलाइन के विचलन के लिए मनरेगा एसओपी के अनुसार कार्रवाई कराने का कष्ट करें। जिसपर जिलाधिकारी ने अपर जिलाअधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बिजनौर एवं तकनीकी मूल्यांकन में सहयोग हेतु सहायक अभियंता (आरईडी) बिजनौर को जांच हेतु नामित किया हैं। जो सयुक्त जांच/तकनीकी मूल्यांकन आख्यां प्रत्येक दशा में 30 दिन के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराएंगे। उधर हल्दौर ब्लाक के एडीओ पंचायत सुशील कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मनरेगा के दोनों कार्यो में पाई गई अनियमितता पर कार्रवाई हेतु उसकी जांच रिपोर्ट बीडीओ साहब द्वारा उच्चाधिकारियो को प्रेषित कर दी गई हैं।

# आवारा सांड के हमले से भाजपा नेता की पत्नी सहित दो महिलाएं घायल

बिजनौर (चिंगारी)। तमाम कोशिशों के बावजूद शासन-प्रशासन आवारा पशुओं पर लगाम नहीं लगा सका। जनपद में दो अलग-अलग स्थानों पर आवारा सांड ने एक भाजपा नेता की पत्नी सहित दो महिलाओं पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आज सुबह यहां आवास विकास बिज़ली घर के पास भाजपा नेता दिनेश केसरिया की धर्मपत्नी रितिका पर आवारा सांड ने हमला कर दिया। कुछ युवकों व एक महिला ने सांड को किसी तरह भगाया। रितिका सांड के हमले से घायल हो गई। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रितिका के सिर और कमर में गंभीर चोट है। नहटौर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के ग्राम टपरौला निवासी शकुंतला देवी पत्नी स्वर्गीय जयपाल सिंह पशुशाला में पशुओं को चारा डालने गई थीं। बताया जाता है कि पशुशाला में पहले से ही एक आवारा सांड घुस आया था। महिला ने उसे भगाने का प्रयास किया, तो सांड ने उन पर हमला कर दिया, जिससे शकुंतला घायल हो गई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नहटौर ले जाया गया, जहां से उन्हें बिजनौर रैफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार सांड ने गांव में आतंक मचा रखा है।



## हुक्का बिजनौरी की पत्नी के निधन पर शोक जताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। बिजनौर के वरिष्ठ पत्रकार एवं हास्य कवि अशोक जैन उर्फ हुक्का बिजनौरी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला जैन के निधन पर नगर के पत्रकारों व शायरों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी ने मृतका की आत्मा की शांति व उनके परिजनों को यह दारूण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में इकबाल हिंदुस्तानी, एजाज अहमद, अनुज शर्मा, विश्वास द्विवेदी, जितेंद्र जैन, नौशाद मुल्तानी, अफजाल अंसारी, शाही आराफात सैफी, धर्मवीर सिंह चैहान, मोहित कर्णवाल, जितेंद्र चैहान, राजपाल चौहान, अवधेश शर्मा, जकी मलिक, डॉ. आफताब नोमानी, गुलजार कुरैशी, खिजर अहमद, जिशान नजीबाबादी, शायर प्रदीप डेजी, अजय जौहरी, उबैद नजीबाबादी, शहबाज मुल्तानी, हाफिज शादाब आदि शामिल रहे।**

# आयकर विभाग में नौकरी के नाम पर 30 लाख ठगे

## आरोपियों में तीन हैं भाई-बहन सगे

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** जालसाजों ने तीन युवकों की आयकर विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर उनके परिजनों से 30 लाख रूपये हड़प लिये और उन्हें कूटरचित, फर्जी पोस्टिंग लैटर थमा दिये। सीजेएम कोर्ट बिजनौर के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने 6 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों में 3 सगे भाई-बहन हैं, एक उनका जीजा है तथा दो सगे भाई उनके साथी हैं।

नांगल थानांतर्गत ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा निवासी ब्रजवीर सिंह पुत्र वीर सिंह ने न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजनौर को अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिये प्रार्थना-पत्र में कहा था कि दो सगे भाइयों विन्टू व अर्जुन का उनके घर पर आना-जाना था। उन्होंने लाखन, रामस्वरूप, सुनीता (सगे भाई-बहन) तथा हरेन्द्र (इन तीनों के जीजा) से मिलवाते हुए कहा कि ये लोग इनकमटैक्स में बड़े अधिकारी हैं। आयकर विभाग में आपके बच्चों की भी नौकरी लगवा देंगे। 10 अप्रैल, 2025 को ये लोग घर पर आये तथा उसके पुत्र सुशांत एवं हितेश पुत्र कोमल, दीप पुत्र प्रदीप निवासीगण निजामपुरा, थाना कोतवाली शहर की नौकरी लगवाने में आने वाले खर्च के नाम पर 1,80,000 रु. मांगे, जो उसके भाई जयवीर ने 19 अप्रैल को एनईएफटी के माध्यम से दे दिये। आईटीओ दिल्ली में सुशांत, हितेश व दीप की फर्जी परीक्षा अलग-अलग दिन दिलाकर उन्हें वापस भेज दिया। बाद में फर्जी प्रशिक्षण कराया और कूटरचित फर्जी पोस्टिंग लेटर लिफाफे में बंद करके दिये। उन्होंने कहा कि तीनों बच्चों की पोस्टिंग से पहले शेष राशि 28 लाख 20 हजार रूपये सिक्योरिटी के तौर पर जमा करने हैं। ब्रजवीर सिंह का कहना है कि उसके घर पर आकर वे लोग 28 लाख 20 हजार रूपये नकदी के रूप में ले गये। इस प्रकार जालसाजों ने उन्हें कूटरचित फर्जी पोस्टिंग लैटर थमाकर उनसे 30 लाख रूपये ठग लिये। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर नांगल पुलिस ने लाखन व रामस्वरूप पुत्रगण रूपराम, सुनीता पुत्री रूपराम निवासीगण नंगला दबदा, पो. फोन्डर, मगोर्रा, मथुरा, उ. प्र., हरेन्द्र पुत्र रणवीर निवासी नारोल, पो. जैंगार, कागारौल, पश्चिमी कमिश्नरेट आगरा तथा विन्टू व अर्जुन पुत्रगण सुरेश निवासी महमूदपुर, परगना दारानगर, चांदपुर (बिजनौर) के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

# प्रवीण चौधरी का स्वागत किया



प्रदेश महामंत्री प्रवीण चौधरी का स्वागत करते एआरपी।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** एआरपी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महामंत्री प्रवीण चौधरी का लखनऊ से सहारनपुर लौटते हुए बिजनौर के मौअज्जमपुर रेलवे स्टेशन पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत होकर प्रवीण चौधरी ने कहा कि हम अपना काम ईमानदारी से कर रहे हैं और प्रदेश के सभी एआरपी साथी उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने के लिये दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही के नेतृत्व में गठित प्रतिनिधिमंडल ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी, संयुक्त सचिव वेदप्रकाश राय एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सभापति मुकेश चौधरी से मुलाकात कर सभी समस्याओं से अवगत कराया है। सभी ने उन लोगों को समाधान के लिये आश्वस्त भी किया है। प्रवीण चौधरी ने सभी साथियों का आहवान किया कि सभी एकजुट होकर कार्य करें और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ें, संगठन आपकी सेवा के लिये हमेशा तत्पर है। एआरपी संगठन के मंडल मुरादाबाद के सहसंयोजक रामेन्द्र सिंह, जिला संयुक्त मंत्री सूची राणा, एआरपी (विज्ञान) असद जुबेर सहित कई एआरपी उपस्थित रहे।

# दो दिन पूर्व घर से गई किशोरी बरामद

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 15 दिसम्बर को गांव निवासी युवक शिवम कुमार उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने पुलिस से अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक को नामजद करते हुए मामला दर्ज किया। थानाध्यक्ष विकास कुमार के निर्देश पर किशोरी की बरामदगी के लिए गठित पुलिस टीम ने दो दिन बाद ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# नीतीश कुमार का कृत्य शर्मनाक - विकास जैन

## अशोभनीय, अमानवीय और असंवैधानिक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान एक महिला का हिजाब खींचे जाने घटना को लेकर देशभर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।**





वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यापारी विकास जैन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आचरण की तीखे शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इस घटना को न केवल महिला सम्मान के खिलाफ बताया, बल्कि इसे लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों पर भी सीधा हमला करार दिया। विकास जैन ने कहा कि किसी भी संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति से शालीनता, संयम और संवेदनशीलता की अपेक्षा की जाती है। मुख्यमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा किसी महिला के पहनावे के साथ इस प्रकार का व्यवहार किया जाना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह घटना महिलाओं की गरिमा, उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और धार्मिक आस्था का अपमान है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि हिजाब किसी महिला की निजी आस्था और उसकी पहचान से जुड़ा विषय है। किसी भी व्यक्ति, विशेषकर सत्ता में बैठे नेता को यह अधिकार नहीं है कि वह सार्वजनिक रूप से किसी महिला के वस्त्र या धार्मिक प्रतीक के साथ हस्तक्षेप करे। इस तरह की घटनाएं समाज में गलत संदेश देती हैं और महिलाओं के प्रति असंवेदनशील सोच को बढ़ावा देती हैं।



विकास जैन

विकास जैन ने सवाल उठाया कि जब मुख्यमंत्री ही इस तरह का व्यवहार करेंगे तो आम जनता और प्रशासन से महिला सुरक्षा व सम्मान की क्या अपेक्षा की जा सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि नैतिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही उन्होंने महिला आयोग और मानवाधिकार संगठनों से इस मामले का संज्ञान लेने की अपील की।

# पैसों के लेन-देन के मामले में दूसरे पक्ष का केस भी दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव गौहावर में गत 13 दिसम्बर को उधार के पैसे मांगने गए साजिद के साथ बंटी ने अपने पुत्र सौरव व नौकर परवेंद्र के साथ मिलकर मारपीट की थी। हमले में साजिद के सर में चोट लगी थी। पुलिस ने पीड़ित साजिद की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र व नौकर के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। बुधवार को पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर सजिद, साकिब पुत्रगण मुन्ने, वसीम, डूंडा पुत्रगण भूरा को आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज किया है।

चिंगारी खबर सबसे पहले असर सबसे ज़्यादा

# रामा एफएम 90.0 टीम ने किया सेंट मैरिज हॉस्पिटल का भ्रमण

**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्मार्ट एनजीओ के मार्गदर्शन में संचालित सेहत सही लाभ कई मिशन के अंतर्गत सेंट मैरीज हॉस्पिटल नजीबाबाद का भ्रमण किया गया। सेंट मैरी हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं फादर ने हॉस्पिटल का भ्रमण कराया। इस दौरान रामा एफएम 90.0 टीम कोर्डिनेटर नीलम वर्मा ने अस्पताल में मौजूद मरीजों, उनके परिजनों एवं डॉक्टरों से संवाद कर स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और लोगों को सही स्वास्थ्य सेवाओं व सरकारी स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य है- जनसमुदाय तक सही स्वास्थ्य जानकारी, जागरूकता और विश्वसनीय मार्गदर्शन पहुंचाना है। इस दौरान समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्वेता सरकार, प्रवक्ता आशीष भरद्वाज का सहयोग रहा। एफएम मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने बताया कि रामा एफएम 90.0 की आवाज, आपकी एवं जनसमुदाय की सेहत के लिए है।





# हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना किये जाने की मांग

## पीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया



**चांदपुर ( चिंगारी )। सामाजिक संस्था भारत विकास समिति ने वादकारियों की सुविधा के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना किये जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।**

समिति के जिलाध्यक्ष चौ. कुलदीप सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया।। ज्ञापन में कहा गया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी यहां से बहुत अधिक है, जिसके कारण वहां जाने के लिए वादकारियों को समय व पैसा अधिक खर्च करना पड़ता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना किये जाने की मांग पिछले काफी वर्षों से की जा रही है। ज्ञापन देने वालों में समिति के जिलाध्यक्ष चौ. कुलदीप सिंह, कमल सिंह सैनी, इंतजार जैदी, जीशानुद्दीन, राजीव गर्ग, नीरज तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार आदि शामिल थे।

# कवि हुक्का बिजनौरी की पत्नी के निधन पर शोक

चांदपुर ( चिंगारी )। पत्रकारों व अन्य लोगों ने वरिष्ठ पत्रकार एवं हास्य कवि अशोक कुमार जैन हुक्का बिजनौरी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला जैन के निधन पर शोक जताया। शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक, समाजसेवी डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा, कवि सुभाष जावा, शायर शकील जमाली, पत्रकार मौ. अजमल, मनोज शर्मा आदि ने वरिष्ठ पत्रकार एवं हास्य कवि अशोक कुमार जैन हुक्का बिजनौरी की धर्मपत्नी के निधन पर शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# महामारी का रूप ले रहा मुंहपका रोग बढ़ते भ्रष्टाचार से आजिज आये लोग

**बिजनौर (चिंगारी)।** खुरपका-मुंहपका बीमारी ने पशुओं में महामारी का रूप ले लिया है, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग की गंभीर लापरवाही के कारण किसान भारी नुकसान झेलने को मजबूर हैं। जनपद में इस जानलेवा बीमारी का समुचित वैक्सीनेशन नहीं कराया गया पूरे जनपद में मात्र 14 पशु चिकित्सक तैनात हैं, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है।



दिगम्बर सिंह

**गौशालाओं की हालत बेहद चिंताजनक:-** प्रतिदिन गौशालाओं में पशुओं की मौत हो रही है, लेकिन इसके बावजूद पशु विकास भवन और जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि अधिकारी न केवल इन जनहित के गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज कर रहे हैं, बल्कि शिकायत करने वाले लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की भी लगातार शिकायतें मिल रही हैं। भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा है कि खुरपका-मुंहपका बीमारी को लेकर यह विषय किसानों द्वारा मासिक पंचायत में भी उठाया गया, और संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी को भी सूचित किया जा चुका है। यदि शीघ्र ही वैक्सीनेशन अभियान शुरू नहीं किया गया। गौशालाओं की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ और जनहित की समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखाई गई, तो भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) को मजबूर होकर आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ेंगे।

## फिर बढ़ा भ्रष्टाचार

पूर्व में मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने जिस तरह बिजनौर में विकास को गति दी और विकास भवन से भ्रष्टाचार को दूर किया था, वर्तमान मुख्य विकास अधिकारी उन विषयों पर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विकास भवन से जुड़े कई विभाग धीरे-धीरे फिर से भ्रष्टाचार की ओर बढ़ते दिख रहे हैं, जिससे आम जनता और किसानों को बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

## हम साफ कहना चाहते हैं..

**जनपद में किसी भी ऐसे अधिकारी को स्वीकार नहीं किया जाएगा जो जनहित की समस्याओं से आंखें मूंद ले। यह लड़ाई किसी व्यक्ति से नहीं, बल्कि व्यवस्था की लापरवाही और किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ है।**

# सड़क के बीचोबीच लगा हुआ यह पोल विभाग की कार्यकुशलता की पोल रहा खोल

**बिजनौर (चिंगारी)।** विद्युत विभाग के खेल निराले हैं। अब इस पोल को ही देखिये, क्या तुक थी इसे सड़क के बीचोबीच लगाने की। रोशनी के लिये लगाया गया यह पोल विद्युत विभाग की अंधेरगर्दी का जीता-जागता उदाहरण है। काजीपाड़ा में डिवाइडर वाली रोड के बीच में लगा यह पोल दुर्घटना का भी कारण बना हुआ है। यह रोड राम के चौराहे से हेमराज कालोनी होते हुए बैराज हाइवे को जोड़ती है। दोनों तरफ से इस रोड पर वाहनों की आवाजाही होती है। इस पोल के कारण जाम की समस्या भी रहती है। पोल से कोई वाहन टकरा जाये तो बिजली के तार टूट सकते हैं, जिससे गम्भीर हादसा हो सकता है।



ऑल इंडिया स्मॉल न्यूज पेपर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष परवेज अकील राष्ट्रीय वादी ने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इस पोल को हटवाने की मांग की है।

# नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर खुशी मनाई



**बिजनौर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिजनौर द्वारा भाजपा महिला मोर्चा मंडल की महामंत्री श्रीमती उषा भटनागर के निवास पर आयोजित समारोह में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन को दायित्व दिए पर जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए एक- दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. पंकज भारद्वाज ने कहा कि कोई भी इंसान अपने परिश्रम, लगनशीलता और समर्पण के आधार पर कम उम्र में भी ऊंचाई पर पहुंच सकता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश भटनागर ने भी नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा हाईकमान का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में योगेश भटनागर एडवोकेट, अजय भटनागर, मुकेश भटनागर, आशीष भटनागर, अरुण श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, श्रीमती मोनिका रस्तोगी, नेहा रस्तोगी, रिया भटनागर, रीता शर्मा, पूनम भटनागर, श्रुति भटनागर एवं रितेश भटनागर उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या में मृतका का पति गिरफ्तार, सात आरोपी अभी फरार

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** दो दिन पूर्व गांव मोथेपुर किरत में एक नवविवाहिता कि दहेज के लिए हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतका के पति विशाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। धामपुर थाना क्षेत्र के गांव अलादीनपुर भटपुरा निवासी संजीव कुमार ने थाना कोतवाली देहात, मोतीपुर किरत में अपनी पुत्री सारिका का विवाह लगभग आठ माह पूर्व 1 मई 2025को विशाल पुत्र मेशपाल के साथ किया था। आरोप है कि दहेज अधिक नहीं मिलने पर सारिका की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में पति विशाल, सास कुंती देवी, ससुर, जेठ, जेठानी, नंद व देवर सहित आठ के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न व हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति विशाल को गिरफ्तार कर दहेज हत्या के आरोप में जेल भेज दिया तथा अन्य की तलाश जारी है।

# लखपति दीदी के दो दिवसीय प्रशिक्षक शिविर का शुभारंभ



**हल्दौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सीआरपी लखपति दीदी के दो दिन प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ नवा अगुंतक जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ.अजीत कुमार तथा प्रशिक्षण प्रभारी शीतलराज सिंह ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। संबोधन सत्र में उन्होने सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन कर धन्यवाद दिया कि सभी दीदी कड़ाके की ठण्ड के बावजूद समय से प्रशिक्षण में पहुंच कर प्रतिभागी कर रहीं हैं तथा यही लगन वास्तव में उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करायेगी, जिससे वो आजीविका के साधन अपना कर एक लाख सालाना की सीमा रेखा पार कर सकेंगी। प्रशिक्षण शिविर में विकास खण्ड स्योहारा में गठित स्वयं सहायता समूह की 25 सदस्य भाग ले रहीं हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समूह की गरीब महिलाओं की सालाना आमदनी बढ़ा कर एक लाख रुपये से अधिक पहुंचाना हैं। शिविर में डीआरपी जावेद तथा बीआरपी रूपा कौर द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में भाग लिया जा रहा हैं।

# 28 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत परिवार में मचा कोहराम, मुहल्ले में शोक

**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के मौहल्ला हकीमान निवासी मौ. नवेद (28 वर्ष) पुत्र मौ. कौसर मंगलवार की रात ठीक ठाक हालत में सोया था। परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह जब नवेद को नाश्ते करने के लिए उठाया गया तो काफी प्रयास करने पर भी उसने कोई जबाब नहीं दिया, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा नवेद को तत्काल डाक्टर को दिखाया गया, जिसने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि नवेद रात को ठीक सोया था। माना जा रहा है किसी समय हार्ट अटैक होने से उसकी मौत हुई है। नावेद सऊदी अरब में नौकरी करता था और आजकल घर में आया हुआ था। इस दौरान अभी एक माह पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। अचानक हुई इस दुखद घटना से नवेद की नवविवाहित पत्नी सफिया को गहरा धक्का लगा है और उसका व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कल रात बाद नमाज़े इशा गमगीन माहौल में नवेद को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। युवक की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा है वहीं मौहल्ले में भी शोक व्याप्त है।



मृतक का फाइल फोटो

# पुरानी पेन्शन हमारा हक, मानदेय वित्तविहीन शिक्षकों का अधिकार - दानिश अख्तर

**बिजनौर (चिंगारी)।** बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन खंड से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर ने बिजनौर जनपद में विद्यालयों का भ्रमण करते हुए शिक्षकों से सीधा संवाद कया और उनके बीच स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुरानीपेंशन शिक्षकों का हक है और वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय उनका अधिकार। विद्यालय भ्रमण के दौरान श्री अख्तर ने कहा कि वे पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई को सड़क से लेकर सत्ता तक और सत्ता से लेकर विधान परिषद तक पूरी ताकत के साथ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की आवाज को दबने नहीं दिया जायेगा और हर मंच पर शिक्षक हितों के लिए संघर्ष किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने



भरोसा दिलाया कि वे वित्तविहीन शिक्षक साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे और उनका हक दिलाकर ही रूकेंगे। हाजी दानिश ने समाजवादी पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों का उल्लेख करते हुये कहा क समाजवादी पार्टी ने हमेशा शिक्षा और शिक्षक के सम्मान को सर्वोपरि रखा है और आगे भी शिक्षक हित में निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि श्री अख्तर ही वह प्रत्याशी हैं जो शिक्षक समाज के साथ मिलकर शिक्षकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। शिक्षकों ने उन्हें पूरा समर्थन देने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे इस बार श्री अख्तर को शिक्षक एमएलसी बनाकर ही रहेंगे।

# सट्टे की खाईबाड़ी का करते थे कारोबार पुलिस ने पर्चियों समेत किया गिरफ्तार


कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले आरोपी।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पुलिस ने सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों से नगदी व पेन बरामद की गई हैं। बुधवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्रांर्गत चैंकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को आम पड़ाव आर्मी कैंटीन के पास सट्टे की खाई-बाड़ी करते हुए चार युवक नजर आये। इस पर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से 21,350 नगद, सट्टा गत्ता पर्चियां एवं पेन बरामद किये गये। आरोपियों की फकीरा, निवासी इन्द्रा नगर, आमपड़ाव, कोटद्वार, सुनील कुमार, निवासी नारायणपुर टाड़ा, पोस्ट मोहडपुर, थाना मडावली, जनपद बिजनौर उप्र., सतेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम सलिगा, थाना कोटद्वार व अमन कुमार, निवासी आमपड़ाव, इन्द्रा नगर, कोटद्वार के तौर पर पहचान हुई है। वहीं पुलिस ने फकीरा से पेन, सट्टा गत्ता डायरी व नगद 7,210 रु., सुनील कुमार से पेन, सट्टा गत्ता डायरी व नगद 5,350 रु., सतेंद्र सिंह से पेन, सट्टा गत्ता डायरी व नगद 4,900 रुपए व अमन कुमार से पेन, सट्टा गत्ता डायरी व नगद 3,890 रुपए बरामद किये। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# तीन साल का कार्यकाल पूरा हुआ इस दौरान नई ऊंचाइयों को छुआ

## कार्यकर्ताओं ने विनोद डबराल की सराहना की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से बुधवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के तीन साल के कार्यकाल की प्रशंसा की गई। कहा कि उनके कार्यकाल में संगठन ने ऊंचाई के नए आयामों को छुआ। मौके पर कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उनका मृदु व सौम्य व्यवहार व पार्टी संगठन के दायित्व निर्वहन करने की शैली सभी को प्रेरणा देती रहेगी। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि वे सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए किये गये कार्य में उनका साथ देने के लिए आभार व्यक्त करते हैं, साथ ही प्रदेश नेतृत्व की ओर से भविष्य में उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जायेगी, उसका निर्वहन करने के लिए वे तैयार हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों से आगामी चुनावों में उत्तराखंड में पार्टी को सत्ता में लाने के लिए एकजुट होकर निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा बलबीर सिंह रावत को पौड़ी विधानसभा का प्रभारी बनाए जाने का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत, रमेश चन्द्र खंतवाल, बलबीर सिंह रावत, बीरेंद्र सिंह रावत, गोकुल सिंह नेगी, प्रवीण जोशी, पार्षद नईम अहमद, श्रीधर बेदवाल, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती, चंद्रमोहन असवाल और नरेन्द्र सिंह नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पुलिस ने वाहनों पर लगाये रिफ्लेक्टर टेप

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान के तहत कोटद्वार क्षेत्र में संचालित वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। ट्रैफिक इंस्पेक्टर संदीप तोमर ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर टेप के महत्व, सुरक्षित वाहन संचालन तथा सर्दियों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

# भाषा एवं गणित विषयक प्रतियोगिता आयोजित

## विजेता बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लाक के पदमपुर सुखरौ स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र में मंगलवार को भाषा एवं गणित विषयों में छात्रों की अभिरुचि को बढ़ाने के उद्देश्य से ब्लाक के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों की अबेकस, मैथ्स विजार्ड और इंग्लिश स्पैल जीनियस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सूरज मोहन रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात आयोजित अबेकस प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोटाढाक के कुणाल ने प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिमलना तल्ला की प्राची ने द्वितीय और मोटाढाक की वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैथ्स विजार्ड में राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवरामपुर के कृष्णा ने प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बल्ली के नीरज ने द्वितीय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र नंबर-1 के वंश कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंग्लिश स्पेल जीनियस में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुखरो देवी की इल्मा ने प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 के अक्षत ने द्वितीय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय सतीचौड़ के रक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेता छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

# जीआईसी किनसूर में एसएमसी एवं पीटीए की हुई संयुक्त बैठक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** द्वारीखाल ब्लाक के राइंका किनसूर में बुधवार को एस एम सी व पी टी ए की सयुंक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जंगली जानवरों के हमलो से बच्चों की सुरक्षा, आगामी प्री. बोर्ड,बोर्ड व वार्षिक परीक्षा के लिए बच्चों की तैयारी हेतु अभिभावकों को जागरुक करना था। बैठक में आसपास के गांवों बागी, तैड़ी, पोगठा, हतनूड़ मैठाणा व उमन आदि से आने वाले बच्चों के अभिभावकों को बच्चों को समूह में भेजने के लिए कहा गया। पूर्व प्रधान दीपचंद शाह ने कहा कि जंगली जानवरों के हमले से बचने के लिए सभी को जागरूक होने के साथ ही सावधानी बरतनी भी आवश्यक है। वहीं प्रधानाचार्य गोपाल सिंह ने अभिभावकों से विद्यालय की उन्नति के लिए सुझाव मांगे। बैठक में सुरेश चन्द्र भट्ट, मलखान सिंह, ऋचा ध्यानी आदि शिक्षकों सहित सभी अभिभावक मौजूद रहे।

# भालू-गुलदार घूमते हैं दिन भर ग्रामीण कैद हैं घरों के अंदर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकास खंड जयहरीखाल की ग्राम सभा चाई में इन दिनों भालू एवं गुलदार का आतंक बना हुआ है, जिसके चलते दिन में भी ग्रामीणों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बुधवार को ग्राम प्रधान चाई अशोक बुडाकोटी ने बताया कि ग्राम सभा चाई एवं बेबडी के गांव चाई, जुई, बेबडी, घाघसी, मठाली, गिंवाली में बस्ती के नजदीक दिन दहाड़े दो भालू बेखौफ घूम रहे हैं, जिससे ग्रामीणों के खेत-खलिहान में जाने व पशुओं की चारा पत्ती लाने सहित रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बताया कि भालू के साथ ही गुलदार की सक्रियता से ग्रामीण बुरी तरह आतंकित हैं और दिन में भी घरों के भीतर कैद रहने के लिए मजबूर हैं। बताया कि इस संबंध में उन्होंने उपजिलाधिकारी लैंसडौन को ज्ञापन भेज कर ग्राम सभा में आतंक का पर्याय बने भालू एवं गुलदार को पकड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबधित विभाग को निर्देशित करने की मांग की है।

# बच्चों को अच्छे संस्कार दें महिलायें - कुसुम कण्डवाल

## शैक्षिक एवं जागरूकता भ्रमण कार्यक्रम



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के मुख्यालय नन्दा की चौकी देहरादून में पिथौरागढ़ जनपद के जनजातीय क्षेत्रों से आई जनजाति समूह की महिलाओं व पुरुषों का शैक्षिक एवं जागरूकता भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने आयोग के कार्यों, दायित्वों एवं कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और समझा। कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के साथ-साथ अपने आसपास की पुरुषों को समाज की महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए भी जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव तभी संभव है जब महिलाएं एक-दूसरे का साथ दें और गलत के खिलाफ आवाज उठाएं। अध्यक्ष ने इस बात पर भी विशेष जोर दिया कि वर्तमान समय में बच्चों को अच्छे संस्कार देना अत्यंत आवश्यक हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी संवेदनशील, जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक बन सके।

अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें और अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ें, साथ ही पुरुषों को कहा कि इन कार्यों में महिलाओं का सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर आयोग के विधि अधिकारी दयाराम सिंह ने महिलाओं को महिला आयोग के कार्य, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा कानून के माध्यम से मिलने वाली सहायता की जानकारी दी। वहीं आयोग की सदस्य सचिव उर्वशी चौहान ने महिलाओं को उनके संवैधानिक, कानूनी एवं सामाजिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें जागरूक व सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854




# बंगलादेश अंडर-19 टीम ने श्रीलंका को 39 रनों से हराया

**दुबई (एजेंसी/चिंगारी)।** जवाद अबरार (49), रिफत बेग (36), कलाम सिद्दीकी (32) के बाद शहरयार अहमद और इकबाल हुसैन इमोन (तीन-तीन विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत बंगलादेश ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में श्रीलंका को 39 रनों हरा दिया।

कल यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की पूरी टीम श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे 46.3 ओवरों में 225 के स्कोर पर सिमट गई। बंगलादेश के लिए जवाद अबरार ने 36 गेंदों में (49), रिफत बेग 48 गेंदों में (36), कलाम सिद्दीकी 60 गेंदों में (32), कप्तान अजीजुल हकीम ने 48 गेंदों में (29) और फरीद हसन 40 गेंदों में 29 रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए कविजा गमागे ने चार विकेट लिये। वीरन चामुदिथा, रसिथ नीमसारा को दो-दो विकेट मिले। दुलनिथ सिगेरा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका को बंगलादेश ने 49.1 ओवर में 186 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 39 रनों से जीत लिया। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही श्री और उसने 44 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये। विरान चामुदिथा (12), किथमा विथानापथिराना (शून्य), दिमंथा महाविथान (13) और कविजा गमागे नौ रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान विमथ दिनसारा और चमिका हीनतिगाला की जोड़ी ने पांचवें विकेट के लिए 36 रन जोड़े।

## कम दृश्यता के कारण भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका मुकाबला हुआ रद्द

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बुधवार को होने वाला चौथा टी-20 मुकाबला रद्द कर दिया गया है। अंपायर रोहन पंडित और केएन अनंतपद्मनाभन अंपायरों द्वारा कई के बार के निरीक्षण के बाद अंततः नौ बजे के बाद आज होने वाले चौथे टी-20 मैच को रद्द घोषित कर दिया।

अब अहमदाबाद पांचवां टी-20 मैच खेला जायेगा, जहां दक्षिण अफ्रीका के पास अब सीरीज बराबर करने का ही मौका है। निर्धारित समय के अनुसार टॉस शाम छह बजकर 30 मिनट पर होना था, लेकिन पहले इसे कम दृश्यता के कारण 20 मिनट के लिए टाला गया और फिर छह बजकर 50 मिनट पर हुए निरीक्षण के बाद सात बजकर 30 मिनट फिर निरीक्षण किया गया, लेकिन अंपायर संतुष्ट नहीं दिखे। इसके बाद 8:30 और फिर नौ बजे निरीक्षण के बाद नतीजा नहीं निकला और अंततः आखिरी निरीक्षण 9:25 बजे और मैच को रद्द कर दिया गया। भारत पांच टी-20 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। उसे सीरीज कब्जाने के लिए अहमदाबाद में होने वाले आखिरी मैच को जीतना होगा।

## भारत में अभी भी सबसे अधिक डोपिंग उल्लंघन के मामले: वाडा रिपोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) ने ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारत में पॉजिटिव टेस्ट का प्रतिशत लगातार कम हो रहा है, लेकिन अभी भी यहां सबसे अधिक डोपिंग उल्लंघन के मामले सामने आ रहे हैं। वाडा मंगलवार को जारी '2024 एंटी-डोपिंग टेस्टिंग फिगर्स रिपोर्ट' में बताया गया है कि भारत में टेस्टिंग में काफी बढ़ोतरी हुई है। जहां 2021 में 1794 टेस्ट किए गए थे, वहीं 2022 में टेस्ट की संख्या 3865 थी। 2023 में यह संख्या बढ़कर 5606 हो गई और 2024 में कुल 7113 टेस्ट किए गए। 2025 में, 16 दिसंबर तक 7068 टेस्ट किए गए हैं।

ये टेस्ट विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में इन-कॉम्पिटिशन और आउट-ऑफ-कॉम्पिटिशन दोनों तरह के एथलीटों को कवर करते हैं।

## डेम्बेले और बोनमती को फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**दोहा (कतर) (एजेंसी/चिंगारी)।** स्पेन की आइताना बोनमाटी और फ्रांस के उस्मान डेम्बेले को क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। मंगलवार रात यहां आयोजित एक विशेष समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 28 वर्षीय डेम्बेले पीएसजी की ऐतिहासिक पहली चैंपियंस लीग जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। फाइनल मुकाबले में पीएसजी ने इंटर मिलान को 5-0 से हराया। डेम्बेले ने पिछले सीजन सभी प्रतियोगिताओं में कुल 35 गोल किये जिनमें से 21 गोल लीग-वन में थे और वह टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर भी रहे। वहीं, बार्सिलोना की मिडफील्डर को क्लब और देश के लिए एक और शानदार साल के बाद द बेस्ट फीफा महिला खिलाड़ी चुना गया और वह लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला फुटबॉलर बन गईं। बोनमाटी ने चैंपियंस लीग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी जीता। इसके अलावा उन्होंने लगातार तीसरी बार विमेंस बैलन डी ओर पुरस्कार भी हासिल किया। बोनमती की अगुवाई में बार्सिलोना ने घरेलू स्तर पर ट्रेबल जीता, जबकि स्पेन के साथ उन्होंने चैंपियंस लीग फाइनल और यूरो 2025 फाइनल तक का सफर तय किया।



## अफगानिस्तान की अंडर -19 टीम ने नेपाल को छह विकेट से हराया


**दुबई (एजेंसी/चिंगारी)।** जैतुल्लाह शाहीन (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद उजैरउल्लाह नियाजी (61) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 139 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। आज यहां नेपाल की अंडर-19 टीम 124 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने 26.5 ओवर में चार विकेट पर 125 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। उस्मान सादात और फैसल शिनोजादा की सलामी जोड़ी ने अभी 28 रन जोड़े थे कि छठे ओवर में अभिषके तिवारी ने फैसल शिनोजादा (13) को आउटकर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया। इसी ओवर में अभिषेक तिवारी ने नजीफुल्लाह अमीरी (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया।

अफगानिस्तान का तीसरा विकेट उस्मान सादात (13) के रूप में गिरा। 24वें ओवर में चंदन राम ने उजैरउल्लाह नियाजी को आउटकर दिया। उजैरउल्लाह नियाजी ने 59 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 61 रनों की मैच विजयी पारी खेली। कप्तान महबूब खान और अजीजुल्लाह मिआखिल 11-11 रन बनाकर नाबाद रहे।




## अनंतजीत सिंह नरुका और दर्शना राठौड़ ने मिश्रित टीम स्कीट में स्वर्ण पदक जीता

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** राजस्थान की जोड़ी अनंतजीत सिंह नरुका और दर्शना राठौड़ ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए यहां डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं (शॉटगन) में सीनियर स्कीट मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान की इस जोड़ी ने कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 45-43 से हराकर खिताब अपने नाम किया। एशियाई चैंपियन अनंतजीत और दर्शना ने मिलकर प्रभावी प्रदर्शन किया, जिसमें अनंतजीत ने 21 निशाने लगाए और दर्शना ने 24 का योगदान दिया। उन्होंने स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपियन मैराज अहमद खान (21) और अरीबा खान (22) की उत्तर प्रदेश की जोड़ी को हराया। इससे पहले दिन में, राजस्थान 143 हिट्स के साथ क्वालिफिकेशन स्टैंडिंग में टॉप पर रहा, जिसमें अनंतजीत ने 73 और दर्शना ने 70 निशाने लगाए।




## मांडविया ने पहली बार वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय स्क्वैश टीम को किया सम्मानित

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को ऐतिहासिक विश्व कप जीतने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को सम्मानित किया। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह की मिश्रित टीम ने पिछले शनिवार को चेन्नई में इतिहास रचा था। इस जीत के साथ भारत ने अपना पहला स्क्वैश विश्व कप खिताब अपने नाम किया था। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में टॉप सीड हांगकांग को 3-0 से हराया और स्क्वैश विश्व कप जीतने वाला चौथा देश बन गया, जो ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र जैसे देशों की एलीट सूची में शामिल हो गया। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा, यह भारतीय खेल के लिए गर्व का क्षण है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## किरतपुर में प्लॉट बिकाऊ

एक प्लॉट गोदाम एवं आवास हेतु लगभग 90 गज फ्रंट 18.1 इंच है। सरकारी मार्ग चौड़ाई 13.4 इंच है। मौ. चौहानान किरतपुर में यश पब्लिक स्कूल, राज कॉन्वेंट स्कूल किरतपुर के पास शीघ्र बिकाऊ है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें- मो. 9456068331


## अगले साल के अंत तक पूरे देश में शुरू हो जायेगा एमएलएफएफ- गडकरी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को संसद में बताया कि टोल भुगतान की नयी प्रणाली मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) साल 2026 के अंत तक पूरे देश में लागू हो जायेगी। श्री गडकरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि नयी प्रणाली लागू होने के बाद टोल नाकों पर कर्मचारियों की जरूरत नहीं रहेगी। कैमरों के माध्यम से वाहन का नंबर कैप्चर होगा, उपग्रह के माध्यम से जानकारी केंद्रीकृत प्रणाली में जायेगी और संबंधित बैंक खाते से पैसा कट जायेगा। इससे टोल नाकों पर 80 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से भी वाहन गुजर सकते हैं और टोल का भुगतान भी हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे 1,500 करोड़ रुपये का ईंधन बचेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की आमदनी कम से कम 6,000 करोड़ रुपये बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने सदन को बताया कि कुछ जगहों पर यह प्रणाली शुरू की गयी है।


JAHAAN CLASSROOM EK EXCITING EXPERIENCE HO..
Aisa ek bachpan ho!



BACHPAN
Play Group | Nursery | LKG | UKG
We are looking for female staff
COUNCELLOR/TEACHER :
- Minimum 6 months experience in play school, Graduation Degree,
- Good communication skills
Accountant (Busy) - Male Staff
1200+ SCHOOLS NATIONWIDE
Submit your Resume : 7455025144
Address: Shree Dayaram Traders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall - BIJNOR UP

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं
अन्य सेवाएं-
➢100 गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➢डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➢22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957



पूर्व ब्लॉक प्रमुख
आदरणीय सुभाष कुमार बबलू जी
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



वरुण अग्रवाल भोलू एडवोकेट बिजनौर


## महिला का नकाब उतारने की घटना पूरी तरह से निंदनीय: खुर्शीद मंसूरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का नकाब उतारने की कोशिश का मामला बेहद निंदनीय, असंवेदनशील व संविधान विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल एक महिला की व्यक्तिगत गरिमा पर हमला है, बल्कि अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों का भी खुला उल्लंघन है। भारत का संविधान हर नागरिक को अपनी धार्मिक आस्था व पहनावे की स्वतंत्रता देता है, किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों व समुदायों की भावनाओं का सम्मान करे, ना कि उनका अपमान करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे पद पर आसीन व्यक्ति द्वारा इस तरह का आचरण यह दशार्ता है कि सत्ता के नशे में संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी की जा रही है। एक महिला के पहनावे पर जबरदस्ती करना महिला सशक्तिकरण नहीं, बल्कि उसका अपमान है। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि आजाद समाज पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करती है तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सार्वजनिक रूप से माफी की मांगने की मांग करती है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or YOU CAN SAVE ₹ 20 000*
₹10 000 On Credit Card
₹10 000 Cash benefits



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911